卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहिं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 65 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर ( ऊधमसिंहनगर ) ♦बृहस्पतिवार ♦11 दिसम्बर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## नर्सिंग अभ्यर्थियों ने स्वास्थ्य मंत्री आवास घेरा

देहरादून। नर्सिंग एकता मंच का संघर्ष लगातार तेज होता जा रहा है और पिछले छह दिनों से जारी धरना-प्रदर्शन अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है। गुरुवार को नर्सिंग अभ्यर्थियों और बेरोजगारों ने देहरादून के यमुना कॉलोनी स्थित स्वास्थ्य मंत्री आवास का शांतिपूर्ण घेराव किया और अपनी आवाज सरकार तक पहुँचाई। लगभग 500 अभ्यर्थियों ने दोपहर 12 बजे शुरू हुए कार्यक्रम में हाथों में बैनर-पोस्टर लिए न्याय दो, ष्वर्षवार भर्ती लागू करो और पुलिस बर्बरता की जांच हो जैसे नारे लगाए। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरक सिंह रावत, उत्तराखंड महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला और



महिला कांग्रेस की वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशा मनोरमा डोबरियाल भी उपस्थित रहे। हरक सिंह रावत ने कहा कि जिस दिन हमारे बच्चों के चेहरे पर रौनक होगी, उस दिन हम होली मनाएंगे, जबकि वर्तमान में प्रदेश के बच्चों के चेहरे मुरझाए हुए हैं। नर्सिंग एकता मंच ने सरकार से पांच प्रमुख मांगों पर तुरंत निर्णय की अपील की। उन्होंने वर्षवार भर्ती प्रक्रिया बहाल करने, वर्तमान भर्ती परीक्षा पोर्टल को तत्काल बंद करने और प्रक्रिया को पुनर्गठित करने की मांग की। इसके अलावा उन्होंने आईपीएचएस मानकों के अनुसार 2500 से अधिक रिक्त पदों पर संयुक्त भर्ती करने की बात कही, जिसमें शिक्षा और चिकित्सा स्वास्थ्य दोनों विभागों में भर्ती एक साथ निकाली जाए। मंच ने यह भी कहा कि आयु सीमा पार कर चुके अभ्यर्थियों को विशेष आयु छूट दी जाए और उत्तराखंड मूल निवासियों को भर्ती में प्राथमिकता दी जाए। नर्सिंग अभ्यर्थियों ने पुलिस कार्रवाई पर भी नाराजगी जताई। नर्सिंग एकता मंच के अध्यक्ष नवल पुंडीर ने कहा कि पहले के विरोध प्रदर्शनों में अभ्यर्थियों पर हुई पुलिस मारपीट और उत्पीड़न (शेष पृष्ठ 7 पर)

## बेकाबू कार पलटने से दो लोगों की मौत,दो घायल

हरिद्वार। दिल्ली-देहरादून नेशनल हाईवे पर गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें एक अनियंत्रित कार जनरेटर से टकराकर पलट गई और चार लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की मौके पर ही मौत हो गई।



घटना प्रेम नगर आश्रम के पास हुई। जानकारी के अनुसार, सुबह तेज रफ्तार से आ रही बलेनो कार नियंत्रण खो बैठी और निर्माण कार्य में लगे जनरेटर से जोरदार टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पलट गई और निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के ऊपर जा गिरी। हादसे में कार में सवार अर्पित सैनी निवासी इब्राहिमपुर, पथरी, हरिद्वार और दो (शेष पृष्ठ सात पर)

## सीएम ने दून मेडिकल कॉलेज में मरीजों का हाल जाना

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजकीय दून मेडिकल कॉलेज का दौरा कर अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात की और उनका हाल-चाल जाना। इस अवसर पर उन्होंने विशेष रूप से उत्तरांचल प्रेस क्लब के अध्यक्ष भूपेन्द्र कंडारी से मुलाकात कर उनकी कुशल क्षेम पूछी। सीएम धामी ने मरीजों से बातचीत करते हुए



उनकी स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी ली और सभी से जल्द स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने अस्पताल प्रशासन और चिकित्सकों से कहा कि मरीजों को उपचार के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उनके समुचित इलाज के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएँ। मुख्यमंत्री ने अस्पताल का भी निरीक्षण किया और वार्डों, आईसीयू और अन्य चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने देखा कि अस्पताल में मरीजों के लिए जरूरी दवाइयाँ, उपकरण और सुविधाएँ उपलब्ध हैं या नहीं। उन्होंने चिकित्सकों और स्टाफ से मरीजों की देखभाल और स्वास्थ्य सेवाओं के उच्च मानक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीएम के साथ स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और अस्पताल प्रशासन भी मौजूद रहे।

## नवविवाहिता और किशोरी की संदिग्ध मौत

हरिद्वार(उद संवाददाता)। शहर के दो अलग-अलग क्षेत्रों में एक नवविवाहिता और एक किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने सनसनी फैला दी। सूचना पाकर पुलिस ने दोनों स्थानों पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल दोनों मामलों की गहन जांच की जा रही है।पहली घटना सिडकुल थाना क्षेत्र की है, जहां लखीमपुर खीरी (उप्र) के मूल निवासी एक परिवार औरंगाबाद में किराए पर रहता है। परिवार के सदस्य सिडकुल की विभिन्न कंपनियों में कार्यरत हैं। बुधवार देर रात पुलिस को कलियर थाना क्षेत्र स्थित धनौरा अस्पताल से सूचना मिली कि एक नाबालिग किशोरी ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया था, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। सिडकुल थाना प्रभारी नितेश शर्मा के अनुसार पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और बाद में घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए।प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि दो दिन पहले किशोरी के भाई ने उसे फोन इस्तेमाल करने से मना किया था, जिस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। परिजनों ने बताया कि किशोरी अक्सर फोन पर बात करती थी, जिसके कारण भाई नाराज रहता था। इसे लेकर पूर्व में भी विवाद हो चुका था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है और मामले की विस्तृत जांच जारी है। दूसरी घटना ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र की है, जहाँ एक 23 वर्षीय नवविवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला। पांच महीने पहले महिला ने अपनी पसंद के युवक से प्रेम विवाह किया था।दोनों न्यू धीरवाली क्षेत्र में किराए पर रह रहे थे। घटना बुधवार देर शाम की बताई जा रही है। ज्वालापुर कोतवाली के एसएसआई खेमेंद्र गंगवार ने बताया कि मृतका मुजफ्फरनगर की रहने वाली थी और उसके पति का संबंध सहारनपुर के देवबंद क्षेत्र से है। पति सिडकुल की एक कंपनी में कार्यरत है। घटना के समय पति घर से बाहर था और लौटने पर उसने पत्नी को मृत अवस्था (शेष पृष्ठ सात पर)

## चरस के साथ तस्कर दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस एसओजी व मंगल पड़ाव चौकी पुलिस ने संयुक्त अभियान में एक नशा तस्कर को 894 ग्राम अवैध चरस ले जाते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक कोतवाली विजय मेहता



तथा प्रभारी एसओजी राजेश जोशी के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस तथा एसओजी द्वारा मंगल पड़ाव चौकी पुलिस के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए मंगल पड़ाव क्षेत्र से संदिग्ध रूप से घूमते एक व्यक्ति को पकड़कर उससे पूछताछ की। उसने अपना नाम पता मोहम्मद अली पुत्र इश्तियाक हुसैन निवासी जवाहर नगर वार्ड नंबर 13 थाना बनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 896 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने चरस कब्जे में लेकर आवश्यक पूछताछ (शेष पृष्ठ सात पर)

## घर से लाखों के जेवरात और नकदी ले उड़े चोर

रामनगर(उद संवाददाता)। पीरूमदारा क्षेत्र में चोरों ने एक बंद घर का ताला तोड़कर लाखों रुपए के जेवरात और नकदी चोरी कर दी। घटना टांडा मल्लू निवासी रमेश सुयाल के घर में हुई, जिससे पूरा परिवार सदमे में है। पीड़िता प्रेमा सुयाल ने बताया कि घर से सोने की नथ, मांग-टिका, कानों के झुमके, मंगलसूत्र, सोने की अंगूठी, चांदी के सिक्के, पायल, बिछुएँ, धागुले और बच्चों के चांदी के जेवरात चोरी हो गए। कुल मूल्य लगभग 5 से 10 लाख रुपये का बताया जा रहा है। इसके अलावा घर में रखी 25 से 30 हजार रुपये नकद भी चोरों ने ले लिए। हैरानी की बात यह है कि चोरों ने फ्रीज में रखी मिठाई भी खा ली, जिससे लग रहा है कि चोर घर में काफी देर तक रहे।



रमेश सुयाल ने बताया कि वे और उनका परिवार बुधवार शाम को पिरूमदारा क्षेत्र में आयोजित एक पारिवारिक शादी में गए थे। गुरुवार सुबह करीब 6:30 बजे घर लौटने पर उन्होंने मुख्य दरवाजे का ताला टूटा देखा। अंदर जाकर उन्होंने देखा कि सामान अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ था और अलमारी का ताला भी टूटा हुआ था। घटना की सूचना पिरूमदारा चौकी इंचार्ज को दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक साक्ष्य जुटाए। चौकी इंचार्ज बिष्ट ने बताया कि चोरी की शिकायत दर्ज कर ली गई है और पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही चोरों का पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर दहशत का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने रात में चौकसी बढ़ाने और पुलिस गश्त मजबूत करने की मांग की है। पीड़ित परिवार का कहना है कि वर्षों की मेहनत और जमा पूंजी चोरों ने कुछ ही मिनटों में ले ली, जिससे परिवार बुरी तरह से प्रभावित हुआ है।पुलिस फिलहाल सीसीटीवी फुटेज, संदिग्धों की गतिविधियों और आसपास के इलाके की जानकारी जुटाने में जुटी हुई है।

## उजाड़े गये परिवारों ने तहसील में दिया धरना

रामनगर(उद संवाददाता)। ग्राम पुछडी क्षेत्र में प्रशासन द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाने के बाद प्रभावित परिवारों ने गुरूवार को तहसील में सांकेतिक धरना देकर अपने पुनर्वास और विस्थापन की व्यवस्था न होने पर विरोध जताया। इसके साथ ही मालिकाना हक संघर्ष समिति के



अध्यक्ष एस. लाल, ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी और ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी के नेतृत्व में पीड़ित परिवारों ने रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट और एसडीएम प्रमोद कुमार को ज्ञापन भी सौंपा। तहसील परिसर में सांकेतिक धरने के दौरान वक्ताओं ने कहा कि प्रशासन को अतिक्रमण हटाने के साथ ही प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और खान-पान की पर्याप्त व्यवस्था करनी चाहिए थी। उन्होंने आरोप लगाया कि आज चार दिन बीत जाने के बावजूद कई परिवार खुले आसमान के नीचे ठंड में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। न तो उनके लिए खाने की व्यवस्था की गई और न ही रहने की कोई उचित सुविधा मुहैया कराई गई।धरना स्थल पर उपस्थित लोगों ने कहा कि सरकार और वन विभाग को पीड़ित परिवारों (शेष पृष्ठ सात पर)

## आतंक का पर्याय बने गुलदार का खात्मा

पौड़ी। गजल्ड् गांव में पिछले कई दिनों से आतंक मचा रहे गुलदार का अंत बुधवार देर रात हो गया। प्रसिद्ध शूटर जॉय हुकिल ने अपनी टीम के साथ गुलदार को ट्रैक कर मार गिराया, जिसके बाद वन विभाग की टीम ने उसे रेस्क्यू कर नागदेव रेंज, पौड़ी पहुंचाया। लगातार हमलों से दहशत में जी रहे ग्रामीणों ने इस कार्रवाई के बाद राहत महसूस की है।



गौरतलब है कि पिछले सप्ताह गुरुवार को गजल्ड् गांव में 45 वर्षीय राजेंद्र नौटियाल को गुलदार ने मार डाला था, जिसके बाद क्षेत्र में डर और तनाव का माहौल व्याप्त था। इसके बाद गुलदार की गतिविधियां लगातार बढ़ती रहीं। कई पालतू पशु भी इसका शिकार बने, जिससे ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता गया और उन्होंने वन विभाग से मांग की कि विभागीय शूटरों के साथ एक प्राइवेट शूटर को भी तत्काल तैनात किया जाए, ताकि नरभक्षी को रोका जा सके। ग्रामीणों की मांग पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वन विभाग ने शूटर जॉय हुकिल को क्षेत्र में लगाया। हुकिल ने देर रात गुलदार की गतिविधियों को ट्रैक किया और सटीक निशाना लगाते हुए उसे ढेर कर दिया। (शेष पृष्ठ सात पर)

# कैबिनेट बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

## लैंड पूलिंग ( भूमि संयोजन ) नीति और टाउन प्लानिंग योजना सहित 19 प्रस्तावों पर मुहर, उत्तराखंड जन विश्वास अध्यादेश में सात कानूनों में कारावास की सजा खत्म,युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क ऑनलाइन कोचिंग होगी

देहरादून। उत्तराखंड में अब नए शहर बसाने की राह आसान हो गई है। कैबिनेट की बैठक में बुधवार को लैंड पूलिंग (भूमि संयोजन) नीति और टाउन प्लानिंग योजना पर मुहर लगाई गई। वहीं उत्तराखंड जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) अध्यादेश में सात कानूनों में कारावास की सजा खत्म कर जुर्माना राशि बढ़ाने का निर्णय लिया गया। हाईटेंशन लाइन के टावर की भूमि अधिग्रहण पर अब दो गुना मुआवजा मिलेगा। इसके अलावा बैठक में युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क ऑनलाइन कोचिंग देने के लिए मुख्यमंत्री युवा भविष्य निर्माण योजना लागू करने सहित 19 प्रस्तावों पर मुहर लगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक के बाद प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम और सचिव मुख्यमंत्री शैलेश बगौली ने निर्णयों की जानकारी दी। पारेषण लाइनों के निर्माण में मार्गाधिकार सम्बन्धी समस्याओं के निराकरण हेतु विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों एवं अनुपूरक दिशा-निर्देशों को पिटकुल हेतु अंगीकार करने के प्रस्ताव पर कैबिनेट ने अपना अनुमोदन दिया है। इसके फलस्वरूप पिटकुल द्वारा निर्मित की जाने वाली 66 के.वी. एवं इससे अधिक क्षमता के अंतर्राज्यीय पारेषण लाइनों के निर्माण हेतु भू-स्वामियों को न्यायसंगत मुआवजा प्रदान कर Right of Way संबंधित विवादों के समाधान एवं परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन को सुनिश्चित करते हुए मुआवजे की राशि में वृद्धि की गई है। अब पारेषण लाइनों के लिए बनाए जाने वाले टावर के चारों कोने के नीचे के क्षेत्र और इसके एक मीटर की परिधि के अंतर्गत आने वाली भूमि के लिए मुआवजा की राशि सर्किल रेट का दोगुना कर दी गई है।पारेषण लाइन के नीचे अवस्थित खेतों के लिए भी निर्धारित सर्किल दर के आधार पर ग्रामीण क्षेत्र में 30 प्रतिशत, अर्द्ध नगरीय में 45 प्रतिशत एवं नगरीय क्षेत्र में 60 प्रतिशत की दर पर मुआवजा देय होगा। सर्किल रेट एवं मार्केट रेट के दर पर बहुत अधिक अंतर होने की दशा में जिलाधिकारी या उनके द्वारा नामित अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति देय मुआवजे की दरों का निर्धारण करेगी। इस समिति में भूमि के स्वामियों का प्रतिनिधि भी बतौर सदस्य शामिल किया जाएगा। विभागों के अन्तर्गत छोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने, कानूनों में छोटी तकनीकी और प्रक्रियात्मक खामियों के लिये नागरिक दंड एवं प्रशासनिक कार्यवाही आरंभ करने एवं कानूनों के अप्रचलित एवं अनावश्यक प्रावधानों को हटाये जाने आदि उद्देश्यों हेतु भारत सरकार द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के क्रम में 'उत्तराखण्ड जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) अध्यादेश 2025' को यथाप्रक्रिया प्रख्यापित किए जाने की कैबिनेट द्वारा अनुमति प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत छोटे/विनियामक/ प्रासंगिक अपराधों के लिए कारावास को मौद्रिक दंड से प्रतिस्थापित किया गया है। जहाँ निवारण की आवश्यकता थी, वहाँ दंड बढ़ाए गए या आनुपातिकता सुनिश्चित करने के लिए पुनर्गठित किए गए। स्वत: संशोधन निवारक मूल्य बनाए रखने के लिए सभी जुर्माने /दंड हर तीन साल में 10 प्रतिशत बढ़ाए जाएंगे। भारत सरकार द्वारा Scheme for Special Assistance to States for Capital Investment 2025-26 (SASCI 2025-26) में प्रदत्त दिशा-निर्देशों के क्रम में राज्य में नवीन भवनों के निर्माण में ग्रीन बिल्डिग के मानकों को प्रोत्साहित किए जाने हेतु अतिरिक्त थत दिए जाने का कैबिनेट ने अनुमोदन कर दिया। कैबिनेट ने भारत सरकार द्वारा SASCI 2025-26 में प्रदत्त दिशा-निर्देशों के क्रम में राज्यान्तर्गत लागू भवन निर्माण एवं विकास उपविधि को युक्तिसंगत किए जाने को भी स्वीकृति प्रदान की है। इस क्रम में राज्य में प्रचलित भवन निर्माण एवं विकास उपविधि के अन्तर्गत मार्ग चौड़ाई, व्यावसायिक विकास के अन्तर्गत व्यावसायिक/ कार्यालय के सेट बैक, भू-आच्छादन एवं FAR, होटल की ऊँचाई एवं रिजॉर्ट एवं



इको-रिजोर्ट हेतु भू-आच्छादन एवं FAR, पहुँच मार्ग, पार्किंग में स्टिल्ट की ऊँचाई के वर्तमान प्रावधानों में संशोधन कर इन्हें युक्तिसंगत किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया।राज्य में पर्यटन विकास की संभावनों के दृष्टिगत इको-रिजोर्ट की भांति ही अब रिजॉर्ट निर्माण के लिए भी भू-उपयोग परिवर्तन के बिना कृषि भूमि का उपयोग किया जा सकेगा। इसके साथ ही रिजॉर्ट निर्माण हेतु पहुंच मार्ग की चौड़ाई के मानकों को भी घटाकर पर्वतीय क्षेत्र के लिए 6 मीटर और मैदानी क्षेत्र के लिए 9 मीटर किया गया है।प्रदेश के शहरी क्षेत्र के अन्तर्गत नियोजित शहरी क्षेत्र के विकास के लिए सभी आय वर्ग के लोगों के लिए इंटीग्रेटेड रोड नेटवर्क एवं आवासों के साथ अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से टाउनशिप को विकसित किये जाने हेतु संबंधित मानकों को विनियमित किए जाने के निमित्त Uttarakhand Town Planning Scheme (Implementation) Rules, 2025 प्रख्यापित किए जाने का अनुमोदन कैबिनेट ने प्रदान किया। राज्य के शहरी क्षेत्र के अन्तर्गत योजनाबद्ध विकास को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से बिना किसी अड़चन के भूमि प्राप्त करने सम्बन्धी मानकों को विनियमित किए जाने हेतु Uttarakhand Land Pooling Scheme (Implemen tation) Rules,2025 प्रख्यापित किए जाने की भी कैबिनेट ने स्वीकृति प्रदान की।उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में भी अन्य विश्वविद्यालयों की भांति फैकल्टी की भर्ती लोक सेवा आयोग की जगह अब विश्वविद्यालय के स्तर से किए जाने को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग, अधीनस्थ अभियन्त्रण (कनिष्ठ अभियन्ता सिविल, प्राविधिक, विद्युत तथा यांत्रिक) सेवा नियमावली, 2007 में संशोधन को कैबिनेट ने स्वीकृति दी है। पिथौरागढ़ में स्थित नैनी-सैनी एयरपोर्ट को वाणिज्यिक एवं नागरिक विमानों के संचालन, बुनियादी ढांचे के विकास, निर्माण, आधुनिकीकरण तथा रख-रखाव एवं प्रबन्धन के उद्देश्य से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को स्थायी रूप से हस्तान्तरित करने और इस निमित्त राज्य सरकार व भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के मध्य एमओयू हस्ताक्षरित किए जाने का कैबिनेट द्वारा अनुमोदन किया गया। कैबिनेट में जनपद ऊधम सिंह नगर के तहसील सितारगंज अन्तर्गत कल्याणपुर में भूमिहीनों, आपदा या अन्य कारणों से विस्थापित खेतिहर मजदूरों को आवंटित भूमि के विनियमितीकरण हेतु वर्ष-2016 की सर्किल दर को शिथिल करते हुए शुल्क निर्धारण वर्ष-2004 के सर्किल रेट के आधार पर एक वर्ष के लिए करने तथा तदोपरांत प्रचलित सर्किल रेट के अनुसार शुल्क निर्धारित करने का निर्णय भी लिया गया। सर्किल रेट शिथिल करने से प्रभावित/विस्थापित परिवार अपनी भूमि को विनियमित करा सकेंगे तथा भूमि का मालिकाना हक मिलने से उन्हें ऋण, बीमा और अन्य वित्तीय लाभ प्राप्त हो सकेंगे।राज्य में गतिमान मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजना के अन्तर्गत साइलेज पर वर्तमान में स्वीकृत 75 प्रतिशत अनुदान को घटाकर 60 प्रतिशत अनुदान स्वीकृत किये जाने का कैबिनेट द्वारा निर्णय लिया गया। सायलेज की मांग में निरन्तर हो रही वृद्धि के दृष्टिगत और मांग के सापेक्ष पर्याप्त साइलेज की आपूर्ति करते हुए अधिक से अधिक पशुपालकों को लाभान्वित किए जाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। डेयरी विकास विभाग की साइलेज एवं दुधारू पशुपोषण योजना के अन्तर्गत साइलेज पर अनुदान दर 60 प्रतिशत किए जाने का कैबिनेट द्वारा अनुमोदन किया गया। कैबिनेट ने देहरादून शहर में प्रस्तावित रिस्पना एवं बिंदाल एलिवेटेड परियोजनाओं (4 लेन) के निर्माण कार्यों हेतु जी.एस.टी.एवं परियोजनाओं में प्रयुक्त होने वाली सामग्री पर देय होने वाली रॉयल्टी के व्यय भार हेतु छूट देने के संबंध में भी निर्णय लिया। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उक्त दोनों परियोजनाओं के सिविल निर्माण का पूर्ण व्यय भार वहन करने पर इस प्रतिबन्ध के अधीन सहमति व्यक्त की गई कि राज्य सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण, यूटीलिटी शिफ्टिंग का व्यय भार स्वयं वहन किया जाएगा। डी.पी.आर. में आंकलित होने वाली जीएसटी तथा परियोजना में प्रयुक्त होने वाली सामग्री पर देय होने वाली रॉयल्टी को राज्य सरकार द्वारा छूट देने का निर्णय लिया गया। सगन्ध पौधा केन्द्र (कैप), सेलाकुई का नाम परिवर्तित कर परफ्यूमरी एवं सगन्ध अनुसंधान संस्थान करने का भी कैबिनेट ने निर्णय लिया। स्क्रैप वाहनों के सापेक्ष समान श्रेणी के नए वाहनों के पंजीयन के समय मोटरयान कर में छूट प्रदान किए जाने का भी निर्णय लिया गया।वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पूँजीगत निवेश हेतु राज्यों के लिए विशेष सहायता योजना 2025-26 के अनुसार Initiative &A के माइलस्टोन 1 के अन्तर्गत सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के अनुसार बीएस-1 एवं बीएस-2 प्रकार के परिवहन एवं गैर परिवहन यानों को स्क्रैप किए जाने की स्थिति में समान श्रेणी के नए वाहनों के पंजीयन के समय देय मोटरवाहन कर में 50 प्रतिशत छूट दिए जाने का कैबिनेट ने निर्णय लिया। मुख्यमंत्री युवा भविष्य निर्माण योजना को कैबिनेट ने बुधवार को मंजूरी दे दी। राज्य विश्वविद्यालयों एवं शासकीय तथा अनुदानित महाविद्यालयों में उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों को विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए इस योजना के अंतर्गत नि:शुल्क ऑनलाइन कोचिंग प्रदान की जाएगी। यह कोचिंग सुविधा राष्ट्रीय स्तर के किसी अनुभवी संस्थान के माध्यम से प्रदान की जाएगी, जिनका चयन एक पारदर्शी प्रक्रिया से किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत भी मुख्यमंत्री युवा भविष्य निर्माण योजना के संचालन का निर्णय लिया गया। इस योजना के अन्तर्गत 11वीं तथा 12वीं के छात्रों को CLAT NEET JEEE जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के प्राविधानों के अन्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य में अभियोजन निदेशालय की स्थापना देहरादून में किए जाने का कैबिनेट ने निर्णय लिया। अभियोजन निदेशालय का प्रधान अभियोजन निदेशक होगा, जो राज्य में गृह विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन कृत्य करेगा। उत्तराखण्ड वित्त विभाग के अन्तर्गत माल एवं सेवा कर संशोधन अध्यादेश को प्रख्यापित किये जाने का भी कैबिनेट द्वारा निर्णय लिया गया।

# गुलदार के हमले से महिला हुई घायल, एम्स रैफर

सतपुली। कोटद्वार में ब्लॉक मुख्यालय पोखड़ा की ग्रामसभा देवराड़ी के चंदौड़ा तोक में गांव के नजदीक घास काट रही महिला पर गुलदार ने हमला कर दिया। साथ गई महिलाओं के चिल्लाने पर पहुंचे युवक ने महिला को बमुश्किल गुलदार से छुड़ाया। गंभीर रूप से घायल महिला को प्राथमिक उपचार दिलाकर एयर एंबुलेंस से एम्स ऋषिकेश ले जाया गया है। ग्रामसभा देवराड़ी के प्रधान हरेंद्र सिंह ने बताया कि गांव की 15-16 महिलाएं बुधवार सुबह करीब 10:30 बजे गांव से महज 50 मीटर की दूरी पर घास काट रही थीं। वहां घात लगाए बैठे गुलदार ने कंचन देवी (36) पत्नी अर्जुन सिंह पर हमला कर दिया। वहां मौजूद अन्य महिलाओं ने चीखपुकार की तो गांव से युवक अंकित और पवन मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि गुलदार कंचन को अपने जबड़े में दबाए हुए था। काफी जद्दोजहद के



बाद गुलदार कंचन को छोड़कर भाग गया। कंचन गंभीर रूप से घायल हो गई थी। ग्रामीण उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पोखड़ा लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद उसे हंस अस्पताल सतपुली ले जाया गया। हंस अस्पताल से महिला को एयर एंबुलेंस से एम्स ऋषिकेश ले जाया गया है। घटना के बाद देवराड़ी समेत आसपास के गांवों में दहशत फैल गई है। वहीं दूसरी कर्णप्रयाग के विकासखंड के स्वर्का, चमोला, नौली समेत बीस से अधिक गांवों में भालू और गुलदार की दहशत बनी है। कुनेथ, कुंड डुंग्रा सहित कपीरी क्षेत्र के गांवों में गुलदार कई मवेशियों को मार चुका है।

# पांच वर्षों में गुलदार ने 27 लोगों को मार डाला

पौड़ी। पौड़ी रेंज के नागदेव के गजल्ड गांव में वन विभाग की टीम ने दहशत का पर्याय बने आदमखोर गुलदार को ढेर कर दिया। बताया जा रहा है कि इस गुलदार ने चार दिसंबर को गांव के राजेंद्र नौटियाल को अपना शिकार बनाया था। इसके बाद से गांव में शूटर तैनात कर दिए गए थे। वन विभाग के सूत्रों को मुताबिक बुधवार रात करीब नौ बजे आदमखोर गुलदार को ढेर कर दिया।पौड़ी गढ़वाल वन प्रभाग की छह रेंजों में पिछले पांच वर्षों में गुलदार ने 27 लोगों को मार डाला, जबकि 105 से अधिक लोगों को घायल कर दिया। प्रभाग के अंतर्गत 2022 में सर्वाधिक सात की मौत और 2021 में सबसे अधिक 25 लोग घायल हुए। मानव - वन्यजीव संघर्ष की सबसे कम घटना 2023 में हुई, जिसमें एक व्यक्ति ने गुलदार के हमले में जान गंवाई। गढ़वाल वन प्रभाग की पौड़ी रेंज नागदेव, पोखड़ा, पश्चिमी अमेली रेंज दमदेवल, पूर्वी अमेली थलीसैंण, दीवा रेंज धुमाकोट व पैठाणी रेंज में इस साल गुलदार के हमले से पांच की मौत और 25 लोग घायल हुए। विभाग के मुताबिक गुलदार के हमले में इस साल पहली मौत पूर्वी अमेली रेंज में दो जून को हुई। इसके अलावा 12 सितंबर व 13 नवंबर को पोखड़ा रेंज में दो और 20 नवंबर व चार दिसंबर को पौड़ी रेंज में गुलदार ने दो को मार डाला। वहीं वर्ष 2020 में चार की मौत व 12 घायल हुए। 2021 में छह मौत व 25 घायल हुए। 2022 में सात की मौत व 21 घायल, 2023- 24 में पांच की मौत और 22 घायल हुए। गढ़वाल वन प्रभाग की छह रेंजों में कर्मचारियों का टोटा बना हुआ है। वन विभाग के अनुसार रेंजों में डिप्टी रेंजर के 12 पदों पर केवल तीन ही तैनात हैं। पूर्वी अमेली रेंज थलीसैंण में एक और पोखड़ा रेंज में दो डिप्टी रेंजर तैनात हैं। जबकि पौड़ी, पैठाणी, पश्चिमी अमेली रेंज दमदेवल और दीवा रेंज धुमाकोट में एक भी डिप्टी रेंजर नहीं है। इतना ही नहीं सभी छह रेंजों में वन दरोगा के 54 पदों के सापेक्ष केवल 36 और वन आरक्षी के 89 पदों पर 72 कर्मचारी कार्यरत हैं।



# होटल के कमरे में मिला अल्मोड़ा की महिला का शव

हल्द्वानी। हल्द्वानी रोडवेज स्टेशन के निकट स्थित एक होटल के कमरे में बुधवार सुबह रेखा जुहूवाला (54) का शव बेड पर मिला। मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। मूल रूप से अल्मोड़ा निवासी महिला पुरानी आईटीआई बरेली रोड में किराये पर रहती थीं। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत का कारण सामने आएगा।पुलिस को बुधवार सुबह डायल 112 के जरिये सूचना मिली कि रोडवेज स्टेशन के पास तिवारी होटल में ठहरी महिला कमरे का दरवाजा नहीं खोल रही है। सूचना के बाद कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह मेहता टीम के साथ होटल पहुंचे। पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ा तो बेड पर महिला बेसुध पड़ी थी। पुलिस उसे लेकर अस्पताल गई लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं।कोतवाल ने बताया कि महिला का नाम रेखा जुहूवाला निवासी हीरा डुंगरी जनपद अल्मोड़ा है। वह पुरानी आईटीआई के निकट किराये के कमरे में अकेले रहती थी। किराया न देने पर मकान मालिक ने कमरा खाली करा दिया था। संभावना है कि इस वजह से वह होटल के कमरे में आई हो। होटल के कमरे से न विषाक्त पदार्थ मिला और ना ही फंदा लगाने के निशान थे। ऐसे में मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही सामने आएगी।

# स्वरोजगार योजना के आवेदकों का हुआ साक्षात्कार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु सरकार द्वारा वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना, दीन दयाल उपाध्याय गृह आवास योजना होमस्टे जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित की गयी है। इसी कड़ी में मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना व दीन दयाल उपाध्याय गृह आवास होमस्टे योजना के आवेदकों के साक्षात्कार सम्पन्न हुआ। जिला पर्यटन विकास अधिकारी लता बिष्ट ने जिला स्तरीय स्क्रीनिंग/चयन समिति के सम्मुख वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना में 04 आवेदन व दीन दयाल उपाध्याय होमस्टे योजना में 02 आवेदन प्रस्तुत किये। जिसमें समिति द्वारा साक्षात्कार के दौरान व्यावसायिक व कार्यक्षेत्र और भूमि व अनुभव आदि के बारे में संपूर्ण जानकारी ली गयी। जिला पर्यटन विकास अधिकारी ने बताया कि वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत



वित्तीय वर्ष में 07 वाहन मद में व 05 गैर वाहन मद में लाभान्वित किये जाने का लक्ष्य है, जिसके सापेक्ष पूर्व वाहन मद में 11 व गैर वाहन मद में 02 आवेदन विभिन्न बैंकों को वित्त पोषित हेतु प्रेषित किये गये थे, जिसमे से बैंकों द्वारा वाहन मद में 07 व गैर वाहन मद में 01 कुल 08 आवेदनों पर ऋण स्वीकृत करते हुए लाभान्वित कर दिया गया है। जबकि दीनदयाल आवास होम स्टे योजनान्तर्गत लक्ष्य 04 के सापेक्ष 01 पत्रावली बैंक को प्रेषित की गयी है, जिसपर बैंक द्वारा कार्यवाही गतिमान है।मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पर्यटन विकास अधिकारी को समिति द्वारा स्वीकृत आवेदन पत्र सम्बन्धित बैंकों को शीघ्र प्रेषित करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि भवनों बनाने वालें आवेदकों के नाम भूमि दर्ज हो साथ ही प्राधिकरण क्षेत्र में आने वाले भवनों का नक्सा प्राधिकरण से पास कराया जाये। उन्होंने कहा कि आवेदकों को बैंकर्स द्वारा समयबद्धता से ऋण मुहैया कराने तथा बैंक द्वारा जिन आवेदनों को अस्वीकृत किया जाता है उस पर अस्वीकृत का कारण स्पष्ट लिखने के निर्देश दिये। उन्होने जिला पर्यटन अधिकारी को रोजगार परख योजनाओं का और भी अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये ताकि अधिक से अधिक युवा योजना का लाभ ले सकें। साक्षात्कार समिति में जिला पर्यटन विकास अधिकारी लता बिष्ट, लीड बैंक अधिकारी चिराग पटेल, डीडीएम नावार्ड राजीव प्रियदर्शी, प्रबन्धक उद्योग योगिता जोशी, सहायक अभियंता जिला विकास प्राधिकरण कैलाश डंगवाल मौजूद थे।

# भारतीय सेना में चयन होने पर जयदीप का निकाला स्वागत जुलूस

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजपुरा निवासी जयदीप कश्यप पुत्र सुनील कश्यप का भारतीय सेना (अग्निवीर) में चयन होने पर शिव सैनिकों एवं क्षेत्रवासियों ने जयदीप कश्यप को पुष्प माला पहनाकर बधाई दी। साथ ही क्षेत्र में सम्मान जलूस निकला। माता श्रीमती उर्मिला कश्यप ने कहा कि बेटे के भारतीय सेना में चयन होने पर बहुत गर्व हो रहा है। उसका पुत्र देश की सेवा का लिए समर्पित है। शिव सेना महानगर उपाध्यक्ष प्रमोद आर्या ने कहा कि सैनिक हमारे राष्ट्र का गौरव और हमारे देश की सबसे बड़ी संपत्ति हैं। वे हर कीमत पर हमारी मातृभूमि और नागरिकों की रक्षा करते हैं। सैनिक अपने



देश को अपने स्वार्थ से ऊपर रख अपना जीवन देश के लिए समर्पित कर देते है जो आपने आप में एक गर्व की बात है। जयदीप कश्यप मां भगवती एवं क्षेत्रवासियों का आशीर्वाद प्राप्त कर ड्यूटी के लिए रवाना हुए। इस दौरान विनोद कश्यप, निर्मला, विवेक कश्यप, पवन कश्यप, शिव सेना नगर उपाध्यक्ष प्रमोद आर्य, भावना, राजू, शिव सेना मीडिया प्रभारी अभिषेक कश्यप, मोहित, अनिकेत, राहुल, हरप्यारी, माधुरी, संतोष सहित अन्य क्षेत्रवासी मौजूद थे।

# एनीमिया की रोकथाम, पहचान और प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। एनीमिया मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के तहत मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य एनीमिया मुक्त भारत अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन कर जनपद स्तर पर ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यक्रम आयोजित कर स्वास्थ्य कर्मियों को एनीमिया की रोकथाम, पहचान और प्रबंधन संबंधी अद्यतन जानकारी प्रदान करना था, ताकि वे सामुदायिक स्तर पर बेहतर प्रशिक्षण और जागरूकता गतिविधियाँ संचालित कर सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. के.के. अग्रवाल द्वारा की गई। स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अधिकारियों, कर्मचारियों ने प्रशिक्षण में हिस्सा लिया। मास्टर ट्रेनर डॉ संदीप मिश्रा द्वारा एनीमिया की कारण, लक्षण, निदान (एचबी परीक्षण), उपचार प्रोटोकॉल, तथा आईएफए सप्लीमेंटेशन पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई।किशोरियों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा पाँच



वर्ष से कम उम्र के बच्चों में एनीमिया नियंत्रण की रणनीतियों पर विशेष चर्चा हुई। 6-6-6 रणनीति, सप्ताहिक आयरन फोलिक एसिड पूरक आहार (डब्ल्यू आई एफ एस), राष्ट्रीय पोषण माह, तथा जन जागरूकता गतिविधियों की विस्तृत जानकारी साझा की गई। मास्टर ट्रेनर एविडेंस एक्शन विजय द्वारा सभी प्रतिभागियों को फील्ड रिपोर्टिंग, पोर्टल अपडेटिंग, सप्लाई चेन प्रबंधन एवं मॉनिटरिंग प्रणाली पर भी प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान पावर पॉइंट प्रस्तुति और वीडियो डेमो किया गया। हेमोग्लोबिन जांच व आईएफए वितरण की प्रक्रिया का लाइव प्रदर्शन के साथ समूह चर्चा, प्रश्नख्उत्तर सत्र कार्य योजना निर्माण पर चर्चा हुई। प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स अब ब्लॉक व सेक्टर स्तर पर फील्ड स्टाफ को प्रशिक्षित करेंगे। जिससे जनपद में एनीमिया की रोकथाम एवं नियंत्रण गतिविधियों के सुदृढ़ क्रियान्वयन में तेजी आएगी। समुदाय स्तर पर जागरूकता और सेवा प्रदायगी में सुधार होगा, जिससे एनीमिया मुक्त भारत अभियान के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। प्रशिक्षण में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हरेंद्र मालिक, डीएएम डी. एस. भंडारी, डीडीएम चांद मियां, डीपीओ आरकेएसके मो आमिर खां, आरबीएसके मैनेजर पूरनमल एवं जावेद आदि लोग उपस्थित रहे।

# हरवीरी देवी के निधन पर जताया शोक

रुद्रपुर। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार की सदस्य और जनपद उधम सिंह नगर शिक्षक संघ के अध्यक्ष गुलाब सिरोही की माता जी 100 बर्षीय,श्रीमती हरवीरी देवी के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। हर बर्ष 9 अगस्त, क्रांति दिवस के अवसर पर श्रीमती हरवीरी सिरोही को सम्मानित करने वाली पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा उनके छत्तरपुर आवास पर पहुंची, और उन्हें भावभीनी श्रद्धाजली अर्पित की, इधर रुद्रपुर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कांग्रेस के क्रांतिकारी नेता सी पी शर्मा, अपार सिंह वेदी, बरिष्ठ कांग्रेस नेता अनिल शर्मा सहित अनेकों अन्य लोगो ने भी पहुंचकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्रीमती हरवीरी देवी को श्रद्धाजली दी और उन्हें नमन किया, इस अवसर पर बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे ।



# उजाड़े गये परिवारों का दर्द जानने पहुँची ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी

रामनगर। ग्राम पूछड़ी में वन विभाग की भूमि पर हुए अतिक्रमण हटाने के अभियान के बाद बेघर हुए परिवारों का दुख दर्द बांटने के लिए बुधवार को ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी और ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष नवीन सती सहित कई पंचायत प्रतिनिधि पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे। तीन दिन पूर्व रविवार को प्रशासन और वन विभाग की संयुक्त टीम ने इस क्षेत्र में 52 अवैध अतिक्रमणों को ध्वस्त किया था। कार्रवाई के बाद से प्रभावित परिवार अपने छोटे बच्चों सहित कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। आशियाना टूटने के बाद इन परिवारों के सामने भोजन से लेकर ठंड से बचाव तक की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। पीड़ितों ने पंचायत प्रतिनिधियों को बताया कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान प्रशासन और वन विभाग के कर्मचारियों ने अभद्रता और उत्पीड़न किया। प्रभावित लोगों ने आरोप लगाया कि न तो सत्ता पक्ष का कोई नेता और न ही विपक्ष का प्रतिनिधि अब तक उनके हालात जानने पहुँचा है, जिससे उनके भीतर जनप्रतिनिधियों के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी और





ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी ने आश्वासन दिया कि इन परिवारों की लड़ाई अब पंचायत प्रतिनिधि मिलकर लड़ेंगे और आवश्यकता पड़ी तो इस मामले को उच्च न्यायालय में भी उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन भी किया जाएगा। दोनों प्रतिनिधियों ने सरकार और विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव के समय यह परिवार वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किए जाते हैं, लेकिन संकट की घड़ी में कोई भी मदद के लिए आगे नहीं आता। उन्होंने चेतावनी दी कि 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता इसका जवाब देगी।

# करोड़ों रुपये की जमीन पर कब्जे का आरोप

## करणी सेना ने कार्रवाई की मांग कर पीएम को भेजा ज्ञापन

रामनगर। करणी सेना युवा शक्ति के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को ढिकुली क्षेत्र में कथित तौर पर करोड़ों रुपये की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में उत्तर प्रदेश के पूर्व सांसद अकबर अहमद 'डम्पी' पर विभिन्न स्थानों पर अवैध अतिक्रमण करने व सरकारी भूमि का दुरुपयोग करने के आरोप लगाए गए हैं। करणी सेना युवा शक्ति के प्रदेश अध्यक्ष सूरज चौधरी ने बताया कि ज्ञापन में पूर्व सांसद अकबर अहमद डम्पी पर विश्व प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के ढिकुली क्षेत्र में स्थित "बैला मुंडा रिवर साइड" रिसॉर्ट के पीछे कोसी नदी, वन विभाग व सिंचाई विभाग की भूमि पर अतिक्रमण करने का आरोप लगाया गया है। उनका कहना है कि आरोपित द्वारा सुमन ग्रैंड रिसॉर्ट के पीछे के हिस्से से लेकर दुर्गा देवी गेट के भीतर तक अवैध



निर्माण किए गए हैं। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि नैनीडांडा ब्लॉक क्षेत्र में कथित रूप से सरकारी जंगलों को काटकर सड़क तथा रिसॉर्ट का निर्माण किया गया। चौधरी ने यह भी कहा कि पूर्व सांसद के खिलाफ पहले भी नैनीताल जिले के रामगढ़ के विरासतगंज क्षेत्र में लगभग 28 एकड़ भूमि कब्जाने और बेचने के मामले में मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। उनका आरोप है कि इन मामलों में आज तक ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। ज्ञापन में यह दावा भी किया गया है कि देवभूमि उत्तराखंड में हजारों एकड़ सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर अरबों रुपये की संपत्ति अर्जित की गई है तथा अभी भी कथित रूप से खरीदख्फरोख्त जारी है। करणी सेना ने मांग की है कि उत्तराखंड सरकार इन सभी आरोपों की उच्च स्तरीय जांच करवाए और यदि अतिक्रमण की पुष्टि होती है, तो तत्काल प्रभाव से अवैध कब्जे हटाकर कठोर कार्रवाई की जाए। संगठन ने कहा कि सरकारी भूमि की सुरक्षा और जंगलों के संरक्षण के लिए यह कार्रवाई बेहद आवश्यक है। प्रशासन की ओर से ज्ञापन प्राप्त कर लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि ज्ञापन में उठाए गए बिंदुओं की नियमानुसार जांच कराए जाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

# साई विहार रेजीडेंसियल सोसायटी के पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

रूद्रपुर। साई विहार रेजीडेंसियल वेलफेयर सोसायटी, किरतपुर फेज नं. 1 की हालिया बैठक में सोसायटी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। सभा के अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उनके कर्तव्यों का पालन करने की शपथ दिलाई।शपथ लेने वालों में सोसायटी अध्यक्ष प्रवीण कुमार, उपाध्यक्ष रमेश प्रसाद, कोषाध्यक्ष श्री राम, सचिव हर सहाय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार के साथ ही कार्यकारिणी सदस्य चन्द्रमोहन लखेड़ा, सुरेश चन्द्र जोशी, अश्वनी कुमार, प्रेम सिंह, रामकुमार शर्मा, संतोष्ज्ञ मोहन्ती और जोगिन्द्र कुमार शामिल थे। सभा में उपस्थित सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उनके नए दायित्वों के लिए शुभकामनाएँ दी और सोसायटी के विकास एवं सामुदायिक कल्याण के लिए सहयोग का आश्वासन दिया।



# मेरी योजना पोर्टल का सीएम ने किया लोकार्पण

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को आई.आर.डी.टी ऑडिटोरियम, सर्वे चौक में कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा तैयार की गई 'मेरी योजना' पुस्तकों पर विचार गोष्ठी में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने मेरी योजना पोर्टल उत्तराखण्ड का लोकार्पण भी किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि इस महत्वपूर्ण योजना मार्गदर्शिका पुस्तक के "मेरी योजना", "मेरी योजना– राज्य सरकार" तथा 'मेरी योजना – केंद्र सरकार' तीनों संस्करणों के माध्यम से राज्य का प्रत्येक नागरिक केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं की संपूर्ण जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकता है और उनका लाभ उठा सकता है। जिस उद्देश्य से इन पुस्तकों का प्रकाशन कराया गया है, उस दिशा में हमारे प्रयास सार्थक सिद्ध हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य योजनाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन के साथ ही उसका लाभ राज्य के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध रूप से पहुंचाना है। ये पुस्तकें लाभार्थियों को योजनाओं की संपूर्ण जानकारी प्रदान करने के साथ – साथ आवेदकों को आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज व पात्रता संबंधी जानकारी भी प्रदान करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में एक नई कार्य संस्कृति की स्थापना करते हुए पारदर्शिता, जवाबदेही और





जनकेंद्रित नीतियों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। आज जनता से जुड़ी योजनाओं का लाभ डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंचाया जाता है। राज्य सरकार भी सरलीकरण, समाधान, निस्तारीकरण और संतुष्टि के मंत्र के साथ जनता की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। समाज कल्याण विभाग द्वारा दी जाने वाली विभिन्न पेंशन योजनाओं की धनराशि लोगों के खाते में डीबीटी के माध्यम से प्रत्येक पात्र व्यक्ति के खाते में आ जाए, इसकी व्यवस्था की गई है।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में विभिन्न वर्गों को ध्यान में रखकर बनाई गई योजनाएं प्रभावी ढंग से संचालित की जा रही है। जहां एक ओर राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, खेल, पेयजल और हवाई कनेक्टिविटी जैसे सभी प्रमुख क्षेत्रों में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं, वहीं, 'वोकल फॉर लोकल', 'मेक इन इंडिया' और 'स्टार्टअप इंडिया' जैसी पहलों के माध्यम से विकसित भारत एवं विकसित उत्तराखंड बनाने के स्वप्न को साकार करने की दिशा में भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। सरकार राज्य में स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर कार्य कर रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 'एक जनपद, दो उत्पाद' योजना के माध्यम से स्थानीय आजीविका के अवसर बढ़ रहे हैं। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' ब्रांड के माध्यम से हमारे पारंपरिक उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक पहचान मिल रही है। 'स्टेट मिलेट मिशन', 'फार्म मशीनरी बैंक', 'एप्पल मिशन', 'नई पर्यटन नीति', 'नई फिल्म नीति', 'होम स्टे', 'वेड इन उत्तराखंड' और 'सौर स्वरोजगार योजना' जैसी पहल के माध्यम से प्रदेश की स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के कार्य किये जा रहे हैं।मुख्यमंत्री ने सभी से अपील की कि राज्य के स्थानीय उत्पादों और लोगों की आजीविका को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में प्रदान किये जाने वाले स्मृति चिन्ह राज्य में निर्मित उत्पादों के ही हों। इस प्रकार के छोटे–छोटे प्रयासों से हमारे कारीगरों, मातृ शक्ति, हस्तशिल्पियों को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि वे जब भी किसी कार्यक्रम में जाते हैं या देशभर में महानुभावों से भेंट के दौरान भी उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पाद ही भेंट करते हैं।कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से यह एक सराहनीय प्रयास है। एकीकृत पोर्टल के माध्यम से पात्र लोगों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल पायेगा। यह अंत्योदय की भावना का बड़ा उदाहरण है।सचिव कार्यक्रम क्रियान्वयन श्री दीपक कुमार ने कहा कि कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग का मुख्य उद्देश्य योजनाओं और सेवाओं का सरल तरीके से लाभार्थियों तक पहुंचाना है। मेरी योजना के तीन संस्करणों के माध्यम से राज्य और केन्द्र सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। योजनाओं के लिए पात्रता और प्रक्रिया पर विशेष फोकस किया गया है। इस अवसर पर विधायक खजान दास, सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी, जनप्रतिनिधिगण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## सीडीओ ने की मेडिकल कालेज के निर्माण कार्यों की समीक्षा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने विकास भवन कार्यालय में मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्यो की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये कि वे कार्यो की टाईम लाइन बनाते हुए समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। कार्य प्रगति सूचना प्रत्येक 15 दिन में देना सुनिश्चित करेगें व प्रत्येक सप्ताह प्राचार्य मेडिकल कालेज, मुख्य चिकित्साधिकारी व परियोजना प्रबंधक पेयजल निगम प्रत्येक सप्ताह कार्यो की समीक्षा करेगें एवं मॉनिट्रिंग करेगें।मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मेडिकल कालेज मा0 मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट है व अगले सत्र से ही मेडिकल कालेज प्रारम्भ किया जाना है। इसलिए कार्यदायी संस्था श्रमिकों की संख्या



बढ़ाकर कार्य समय पूर्ण करना सुनिश्चत करेगें। उन्होने निर्देश दिये कि जून 2026 तक ब्लाक ए में एकेडमिक ब्लाक, दो हॉस्टल, लेक्चर थिएटर के साथ ही मैस व डायनिगं हॉल अनिवार्य रूप से पूर्ण किये जाये। इन सभी में विद्युत व्यवस्था, लिफ्ट आदि व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाये ताकि नेशनल मेडिकल काउंसिल का भ्रमण कराकर सत्र प्रारम्भ कराया जा सकें।इसके उपरांत मुख्य विकास अधिकारी ने पेयजल निगम, मेडिकल कालेज, मुख्य चिकित्साधिकारी के साथ निर्माणाधीन मेडिकल कालेज का स्थलिय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने कार्यो में प्रगति लाने के साथ ही गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी व प्राचार्य मेडिकल कालेज को नियमित कार्यो की प्रगति की मानिट्रिंग करने के निर्देश भी दिये।इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 केके पाल, परियोजना प्रबंधक पेयजल निर्माण निगम नरेन्द्र नवानी, सहायक अभियंता सुभाष चन्द्र भट्ट, अपर सहायक अभियंता रंजीत आर्या सहित कांटेक्टर आदि मौजूद थे।

## एम्स में 'मल्टी ऑर्गन ट्रांसप्लांटेशन सर्जरी विभाग' की स्थापना का अनुरोध

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को पत्र लिखकर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश में 'मल्टी ऑर्गन ट्रांसप्लांटेशन सर्जरी विभाग' की स्थापना का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि विगत वर्षों में एम्स ऋषिकेश में उन्नत चिकित्सा सेवाओं की माँग अत्यन्त तीव्र गति से बढ़ी है, विशेषकर अंगदान एवं मल्टी ऑर्गन प्रत्यारोपण सर्जरी के क्षेत्र में। इसके कारण प्रदेश ही नहीं, बल्कि पड़ोसी राज्यों से आने वाले गंभीर मरीजों की संख्या में भी निरन्तर वृद्धि हो रही है। उन्होंने उल्लेख किया कि अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ने से संभावित डोनर मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जबकि किडनी, लिवर, पैंक्रियाज एवं हृदय प्रत्यारोपण की आवश्यकता वाले मरीजों को अक्सर बाहरी राज्यों में जाना पड़ता है। इससे उपचार में देरी होती है और मरीजों को आर्थिक कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ता है।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि एम्स ऋषिकेश में विशेषज्ञ डॉक्टर, आवश्यक बुनियादी ढांचा एवं तकनीकी क्षमता उपलब्ध है, ऐसे में 'मल्टी ऑर्गन ट्रांसप्लांटेशन सर्जरी विभाग' की स्थापना से इस महत्वपूर्ण संस्थान की क्षमता और अधिक प्रभावी होगी। यह विभाग उत्तराखण्ड ही नहीं बल्कि पूरे उत्तर भारत और हिमालयी क्षेत्र के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।




## किच्छा चीनी मिल ने 1.07 करोड़ गन्ना मूल्य का किया भुगतान

किच्छा। किच्छा चीनी मिल ने किसानों को बढ़े हुए गन्ना मूल्य का भुगतान करते हुए कुल 1,06,86,352



रुपये आरटीजीएस के माध्यम से जारी कर दिए हैं। यह भुगतान सरकार द्वारा गन्ना मूल्य में की गई वृद्धि के बाद माननीय मुख्यमंत्री एवं गन्ना मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में किया गया है। चीनी मिल के अधिशासी निदेशक ए.पी. बाजपेयी ने बताया कि 16 नवंबर 2025 से 29 नवंबर 2025 तक मिल को आपूर्ति किए गए गन्ने के मूल्यांतरअर्थात् शासन द्वारा बढ़ाए गए मूल्य और पूर्व में किए गए भुगतान के अंतर की धनराशि संबंधित गन्ना समितियों के माध्यम से किसानों को भेज दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड किच्छा को 85,77,631 रुपये, हल्द्वानी समिति को 7,63,723 रुपये, पंतनगर समिति को 7,90,506 रुपये तथा सितारगंज समिति को 5,54,492 रुपये का भुगतान किया गया। कुल राशि 1,06,86,352 रुपये है, जो आज दिनांक 10 दिसंबर 2025 को जारी की गई। अधिशासी निदेशक ने बताया कि किच्छा चीनी मिल द्वारा अब तक कुल 7.08 लाख कुन्तल गन्ने की पेराई की जा चुकी है, जिसमें से 9.13 प्रतिशत टू–डेट चीनी परता प्राप्त करते हुए 50,260 कुन्तल चीनी का उत्पादन किया गया है। उन्होंने गन्ना किसानों से आग्रह किया कि वे मिल में जड़, अगौला और पत्ती रहित ताजा एवं साफ–सुथरा गन्ना ही आपूर्ति करें, ताकि बेहतर चीनी परता प्राप्त हो सके और उच्च गुणवत्ता की चीनी का उत्पादन सुनिश्चित किया जा सके। इसके साथ ही किसानों से यह अनुरोध भी किया गया कि वे गन्ना समिति से एसएमएस प्राप्त होने के बाद ही खेतों में गन्ने की छिलाई करवाएँ, जिससे चीनी मिल को लगातार ताजा गन्ना उपलब्ध होता रहे।

## हल्दुचौड़ की उपेक्षित समस्याएँ सुर्खियों में, 21 दिसंबर को मथुरा पैलेस में होगी जनसभा

हल्दुचौड़(उद संवाददाता)। क्षेत्र की लगातार उपेक्षित हो रही समस्याओं और बढ़ती जनचिंताओं को लेकर देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के कार्यालय में शनिवार को एक महत्वपूर्ण व विस्तृत बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय विकास की धीमी रफ्तार और प्रशासनिक उदासीनता को लेकर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, ग्राम प्रधानों एवं व्यापारियों ने गहरी चिंता प्रकट की। बैठक में सर्वसम्मति से यह माना गया कि अब समय आ गया है कि क्षेत्र की समस्याओं को लेकर एक संगठित और प्रभावी जनमंच तैयार किया जाए, ताकि हल्दुचौड़ एवं आसपास के क्षेत्रों की जनता को वास्तविक राहत मिल सके। बैठक में यह मुद्दा प्रमुखता से उठा कि क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों से नशे का अवैध कारोबार तेजी से फैल रहा है। कनिष्ठ प्रमुख कमल भंडारी ने कहा कि



नशे की आसान उपलब्धता के कारण युवा वर्ग जोखिम की ओर बढ़ रहा है, जिससे सामाजिक ढाँचा प्रभावित हो रहा है। उन्होंने मांग की कि पुलिस और संबंधित विभाग नशा माफिया पर सख्त कार्रवाई करें व लालकुआं व हल्दुचौड़ मैं वर्षों से जमीन पुलिसकर्मीयो को भी अन्यत्र ट्रांसफर किया जाए और क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक अभियान चलाएँ। सड़कों पर छुट्टा व बेसरा गोवंश की बढ़ती संख्या भी बैठक में चिंता का विषय रही। सामाजिक कार्यकर्ता पीयूष जोशी ने कहा कि गोवंश के कारण कई बार दुर्घटनाएँ होते–होते बची हैं और कई गंभीर घटनाएँ भी सामने आ चुकी हैं। इसलिए प्रशासन को तत्काल स्थानीय गौशाला के माध्यम से बेसरा पशुओं को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने की मांग की गई। ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष गोपाल अधिकारी व व्यापार मंडल अध्यक्ष खीम सिंह बिष्ट ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर हल्दुचौड़ कट सहित राष्ट्रीय राजमार्ग में नियमितताओं पर कोई ठोस समाधान नहीं निकला। कट के न खुलने से हजारों लोगों को रोजाना लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। व्यापारियों ने कहा कि यह समस्या न केवल स्थानीय यातायात बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी प्रभावित कर रही है। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि रविवार, 21 दिसंबर को दोपहर 2 बजे मथुरा पैलेस में एक विशाल जनसभा आयोजित की जाएगी। इस जनसभा में क्षेत्र की सभी प्रमुख समस्याओं पर जनता की मौजूदगी में ठोस प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। सभा में सभी ग्राम प्रधानों, बीटीसी मेंबरों, पूर्व व वर्तमान जनप्रतिनिधियों, संगठनों और आम नागरिकों की सहभागिता अनिवार्य मानी गई है। बैठक में छात्र महासंघ उपाध्यक्ष सचिन फुलारा,देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष खीम सिंह बिष्ट,महेश चंद्र जोशी,सामाजिक कार्यकर्ता पीयूष जोशी, ग्राम प्रधान संगठन अध्यक्ष गोपाल अधिकारी, कनिष्ठ प्रमुख कमल भंडारी, ग्राम प्रधान भुवन पवार, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य योगेश जोशी, भास्कर बमेटा,विनोद भट्ट, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि रोहित बिष्ट सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# 25 हजार का इनामी मुठभेड़ में दबोचा

## पुलिस की जवाबी फायरिंग में गोली लगने से घायल हुआ बदमाश

गदरपुर(उद संवाददाता)। फरार एवं इनामी अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को गुरुवार देर शाम एक बड़ी सफलता मिली, जब 25,000 रुपये का इनामी शातिर अपराधी गुरबाज सिंह उर्फ मानू पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर मणिकांत मिश्रा द्वारा फरार अपराधियों पर शीघ्र कार्रवाई के स्पष्ट एवं कड़े निर्देश दिए गए थे, जिनके अनुरूप अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। चौकी गूलरभोज क्षेत्र में गदरपुर पुलिस टीम नियमित चेकिंग कर रही थी, तभी पुलिस को वांछित और फरार चल रहा अपराधी गुरबाज सिंह उर्फ मानू दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही उसने भागने का प्रयास किया और घेराबंदी होते ही जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस द्वारा



की गई जवाबी कार्रवाई में आरोपित के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे दबोच लिया गया। घायल अवस्था में उसे तत्काल उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। गुरबाज सिंह उर्फ मानू गदरपुर थाना क्षेत्र का 25,000 रुपये का इनामी और बेहद कुख्यात अपराधी है। क्षेत्र में दहशत फैलाना और लोगों पर फायरिंग कर भय उत्पन्न करना उसका पुराना तरीका रहा है। वर्ष 2019 में थाना नानकमत्ता में थानाध्यक्ष पर की गई फायरिंग की गंभीर घटना भी इसी के विरुद्ध दर्ज है। गदरपुर, बाजपुर, दिनेशपुर, नानकमत्ता सहित उत्तर प्रदेश के मिलक खानम (रामपुर) थानों में उस पर हत्या के प्रयास, लूट, राहजनी, बलवा और अवैध हथियार रखने जैसे संगीन आरोपों में 17 से अधिक मुकदमे दर्ज पाए गए हैं। वादी बलजीत सिंह की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा एफआईआर संख्या 130/2025 धारा 126(2), 109, 115(2), 351(2) बी.एन.एस. के अंतर्गत दर्ज किया गया है, जिसमें आरोपी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने और धमकी देने का आरोप है। गिरफ्तार किए गए अपराधी की पहचान गुरबाज सिंह उर्फ मानू पुत्र प्रीतम सिंह, निवासी ग्राम कलकत्ता, थाना गदरपुर, जिला ऊधमसिंहनगर के रूप में हुई है। उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा भी बरामद किया गया है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था से समझौता बिल्कुल नहीं किया जाएगा तथा अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# अज्ञात वाहन ने साईकिल छात्र को रौंदा, मौत

## सेना में भर्ती होने की तैयारी कर रहा था मृतक

लालकुआं (उद संवाददाता)। यहां सुभाष नगर स्थित पुराने पुलिस चेकपोस्ट के पास हाईवे में सेना में भर्ती होने की तैयारियों में जुटे घर से लालकुआँ को दौड़ने आ रहे साईकिल सवार छात्र को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर रौंद दिया। उक्त टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि छात्र ने उपचार के लिए अस्पताल जाते वक्त रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जानकारी के



अनुसार बुधवार सुभाष नगर स्थित पुराने पुलिस चेकपोस्ट के पास सुभाष नगर निवासी छात्र वंश शर्मा साइकिल पर सवार होकर लालकुआँ की ओर आ रहा था कि अचानक पीछे से तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने साइकिल में जोरदार मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि छात्र वंश मौके पर ही लहूलुहान होकर बेसुध हो गया। स्थानीय लोगों एवं कोतवाली पुलिस ने आनन-फानन में छात्र को डॉ सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक 18 वर्षीय वंश शर्मा पुत्र राकेश शर्मा जो कि सुभाष नगर बिंदुखत्ता का निवासी था लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय हल्दूचौड़ से बीए प्रथम वर्ष का छात्र था। बुधवार की शाम को लगभग 4:30 बजे घर से लालकुआं डॉबी फील्ड में दौड़ने के लिए साइकिल द्वारा आ रहा था। परिजनों ने बताया कि वंश भारतीय सेना में भर्ती होने की तैयारी कर रहा था। मृतक बच्चे के पिता राकेश शर्मा गुजरात में नौकरी करते हैं। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# चोरों ने बनाया कालू सिद्ध मंदिर को निशाना

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अज्ञात चोरों ने श्री कालू सिद्धि मंदिर को अपना निशाना बनाते हुए शनिवार देर रात मंदिर परिसर में स्थित एक कक्ष का ताला तोड़कर वहां से कीमती सामान और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। मंदिर के व्यवस्थापक महंत निरंजन गिरी ने हीरानगर चौकी में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दर्ज कराते हुए पुलिस प्रशासन से चोरों का जल्द से जल्द सुराग लगाने और कठोर कार्रवाई की मांग की है। महंत निरंजन गिरी ने बताया कि वह जब मंदिर परिसर में पहुंचे तो उन्हें कक्ष का ताला टूटा हुआ दिखाई दिया। उन्होंने कक्ष के भीतर जाकर देखा वहां पर सारा सामान बिखरा हुआ था। महंत निरंजन गिरी ने बताया कि अज्ञात चोर कक्ष में



रखा लगभग दो किलो का चांदी का मुकुट, चांदी के लोटे व थालियां, करीब 35 हजार रुपये की पुरानी मुद्रा, इसके अलावा मंदिर के रसोइए नरेंद्र नाथ का कोट-पैंट और एक हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। उन्होंने बताया चोरी की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने घटना की रपट दर्ज कर सीसीटीवी टीवी कैमरे की फुटेज देखकर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# विश्वविद्यालय की टीम ने किच्छा महाविद्यालय का किया निरीक्षण

किच्छा। राजकीय महाविद्यालय में कुमाऊं विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता के लिए पैनल निरीक्षण किया गया। इस पैनल की अध्यक्षता अर्थशास्त्र विभाग से प्रोफेसर रजनीश पांडे ने किया जबकि महाविद्यालय में संचालित सभी 6 विषयों इतिहास,राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, हिंदी, अंग्रेजी व अर्थशास्त्र सभी विषयों के विशेषज्ञ के रूप में विश्वविद्यालय की टीम द्वारा पैनल निरीक्षण किया गया। इस दौरान उच्च शिक्षा निदेशालय उत्तराखंड द्वारा नामित प्रो ए एन सिंह प्राचार्य, सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर के द्वारा सम्मिलित रूप से भागीदारी की गई। पैनल टीम ने महाविद्यालय के सभी आधारभूत स्त्रोत वह अन्य विषयों का व्यापक रूप से



परीक्षण किया और पैनल ने महा विद्यालय के सभी योजनाओं, विषयों और अन्य आधारभूत सुविधाओं के लिए संतोष व्यक्ति किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर राजीव रतन जी ने पैनल निरीक्षण हेतु आए सभी सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। साथ ही पैनल निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सिख विरोधी टिप्पणी के लिए सार्वजनिक माफी मांगे हरक सिंह: के.सी.चंदौला

रूद्रपुर। वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. के.सी. चंदौला ने सिख समाज के प्रति पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत के बयान को अत्यंत निंदनीय और आहत करने वाला बताते हुए उनकी सार्वजनिक माफी की मांग की है। मीडिया को जारी बयान में डॉ.



चंदौला ने कहा कि यह टिप्पणी सिख समुदाय की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली है और यह दर्शाती है कि कांग्रेस नेतृत्व सिख समाज के प्रति किस प्रकार की संकीर्ण सोच रखता है। हरक सिंह रावत का बयान पूरे सिख समाज का सीधा अपमान है।डॉ. चंदौला ने कहा कि 1984 की घटनाओं को देश आज भी पीड़ा और दर्द के साथ याद करता है, और ऐसे संवेदनशील इतिहास के बावजूद कांग्रेस नेताओं की टिप्पणियाँ सिख समाज के प्रति नकारात्मक मानसिकता को उजागर करती हैं। जिस कौम का इतिहास बलिदान, बहादुरी और सेवा से भरा हुआ है, उसके बारे में अपमानजनक भाषा का प्रयोग किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि यह बयान किसी एक व्यक्ति का मत नहीं, बल्कि कांग्रेस पार्टी की दूषित मानसिकता का प्रतीक प्रतीत होता है। डॉ. चंदौला ने कांग्रेस से मांग की कि वह हरक सिंह रावत के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल पार्टी से निष्कासित करे।

# सरकारी भूमि कब्जाने का आरोपी गिरफ्तार

गदरपुर। सरकारी भूमि पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर अवैध रूप से कब्जा करने के गंभीर मामले में गदरपुर थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर के निर्देशन में की गई, जिसके तहत पुलिस टीम ने त्वरित जांच कर आरोपी को हिरासत में लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 08 दिसंबर 2025 को सहायक अभियंता, खंड रुद्रपुर पंकज ढौंडियाल ने थाना गदरपुर में तहरीर देकर बताया कि असगर अली, पुत्र लाहौरी शाह, निवासी कोपा ठंडानाला, पोस्ट गूलरभोज, ने हरिपुराखठंडा नाला क्षेत्र में सिंचाई विभाग की सरकारी भूमि पर फर्जी फॉर्म और कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर कब्जा दिखाते हुए धोखाधड़ी की कोशिश की। शिकायत के आधार पर



थाना गदरपुर में एफआईआर संख्या 324/2025 धारा 420, 467, 468, 471, 427 भादवि के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया। जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि जिस भूमि पर फर्जी कब्जा दिखाया गया था, वह रिकॉर्ड में सी दीवान सिंह के देवता के नाम दर्ज है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तत्काल जांच के निर्देश दिए, जिसके तहत पुलिस टीम ने 09 दिसंबर 2025 को आरोपी असगर अली (उम्र 42 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि आरोपी ने ठंडा नालाखगूलरभोज क्षेत्र में सिंचाई विभाग की सरकारी भूमि को कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर गिरवी रखने तथा अपने नाम पर दर्शाने का प्रयास किया था। पुलिस का कहना है कि फर्जीवाड़े की यह पूरी प्रक्रिया योजनाबद्ध तरीके से की गई और इस संबंध में विस्तृत जांच अभी जारी है। साथ ही आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी जानकारी एकत्र की जा रही है। गिरफ्तारी कार्रवाई में निरीक्षक प्रभारी संजय पाठक, उप निरीक्षक दीवान सिंह, प्रभारी चौकी गूलरभोज, हेड कांस्टेबल पूर्णिमा सिंह तथा कांस्टेबल लक्ष्मण कुमार सम्मिलित रहे। पुलिस का कहना है कि सरकारी भूमि पर इस प्रकार के फर्जीवाड़े सार्वजनिक संपत्ति पर अवैध कब्जे की श्रेणी में गंभीर अपराध हैं। मामले की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई तेजी से जारी है।

# विश्व मानवाधिकार दिवस पर कार्यशाला आयोजित

रुद्रपुर। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग द्वारा विश्व मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में एडविक हाईटेक प्राइवेट लिमिटेड, सिडकुल पंतनगर में एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर कर्मचारियों को जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी व्योमा जैन ने मानव अधिकारों की अवधारणा, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम, 181 महिला हेल्पलाइन, मानव संसाधन से संबंधित प्रावधानों तथा बाल विवाह से जुड़े कानूनी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। जिला मिशन कॉर्डिनेटर श्रीमती ईशु चंद्रा ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की शिकायत



प्रक्रिया और रोकथाम से जुड़े प्रावधानों पर प्रकाश डाला, जबकि वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक कविता बडोला ने घरेलू हिंसा से संबंधित कानून, सहायता सेवाओं और वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी व्योमा जैन, सहायक निदेशक उद्योग केंद्र उधम सिंह नगर किरण गोस्वामी, बाल विकास परियोजना अधिकारी रुद्रपुर शहर श्रीमती आशा नेगी, प्रभारी श्रीमती आशा जोशी, सखी वन स्टॉप सेंटर केंद्र प्रशासक सुश्री कविता बडोला, जिला मिशन कोऑर्डिनेटर श्रीमती ईशु चंद्रा, जेंडर स्पेशलिस्ट श्रीमती कमला अधिकारी तथा जिला परियोजना सहायक श्रीमती मेघा यादव उपस्थित रहीं। कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों को मानवाधिकार संरक्षण और महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा से जुड़े महत्व पूर्ण मुद्दों पर उपयोगी जानकारी दी गई।

# पशुपालकों एवं वैज्ञानिकों ने लगाई किसान चौपाल

पंतनगर(उद संवाददाता)। विश्वविद्यालय में केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान, मेरठ द्वारा संचालित अखिल भारतीय पशु शोध समन्वित परियोजना-फ्रिजवाल द्वारा ग्राम बघोरी कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र-सितारगंज में पशुपालकों एवं वैज्ञानिकों के बीच किसान चौपाल का आयोजन किया गया। किसान चौपाल का उद्घाटन डा. बृजेश सिंह, प्राध्यापक पशुधन उत्पादन एवं प्रबन्ध विभाग द्वारा किया गया। डा. बृजेश सिंह द्वारा सभी पशुपालकों एवं परियोजना टीम के सदस्यों का उत्साहवर्धन करने के साथ-साथ परियोजना के उद्देश्य एवं इससे पशुपालकों को मिलने वाले लाभों पर प्रकाश डाला। डा. बी.एन. शाही, प्राध्यापक, पशु प्रजनन विभाग द्वारा




पशुओं में नस्ल सुधार एवं देशी नस्ल व प्रजनन सम्बन्धी जानकारी दी। डा. अमित प्रसाद द्वारा पशुओं में अन्तः एवं वाह्य परजीवी रोगों के लक्षण एवं रोकथाम व औषधियों के प्रयोग की जानकारी दी। डा. रिपुसुदन कुमार द्वारा पशु पोषण सम्बन्धित समस्याओं के समाधान के साथ-साथ पशुपालन के सभी तकनीकी आयामों को अपनाकर उन्नत पशुपालन करने की सलाह दी गयी। किसान चौपाल में पशुपालकों का पंजीकरण एवं सामग्री वितरण कु. आराधना फुलार द्वारा किया गया। किसान चौपाल में कुल 78 पशुपालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## छोटे बच्चों में नशे की लत

बच्चों में स्वाभाविक रूप से नई चीजों को जानने–समझने और परखने की जिज्ञासा होती है। यही जिज्ञासा कभी–कभी उन्हें गलत दिशा में भी ले जा सकती है, विशेषकर तब जब वे नशे का सेवन करने वाले साथियों या अन्य व्यक्तियों के संपर्क में आते हैं। हाल के वर्षों में हुए अध्ययनों ने संकेत दिया है कि कम उम्र के बच्चे भी नशे की लत का शिकार बन रहे हैं, जिसके पीछे कई सामाजिक और पारिवारिक कारण मौजूद हैं।दिल्ली एम्स के शोधकर्ताओं तथा अन्य संस्थानों के वैज्ञानिकों द्वारा देश के दस शहरोंदिल्ली, बंगलुरु, हैदराबाद आदि और उनके आसपास के ग्रामीण इलाकों में किए गए अध्ययन ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। अध्ययन में सरकारी और निजी विद्यालयों के छात्रों को शामिल किया गया। परिणाम हैरान करने वाले थे। करीब 15 प्रतिशत छात्रों ने स्वीकार किया कि उन्होंने कम–से–कम एक बार किसी नशीले पदार्थ का सेवन किया है, जबकि 10 प्रतिशत ने पिछले एक वर्ष में मादक पदार्थ लेने की बात बताई। यह तथ्य अत्यंत गंभीर है कि 12 वर्ष या उससे कम उम्र के बच्चे भी नशे की जद में आ रहे हैं। इस स्थिति के पीछे सबसे बड़ा कारण है बच्चों का नशीले पदार्थों तक आसान पहुंच। शहरों से लेकर गांवों तक नशे का अवैध कारोबार लगातार फैल रहा है। इस कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए किए जा रहे प्रयास जमीनी स्तर पर प्रभावी नहीं दिखते। नशे के सौदागर बच्चों को आसान लक्ष्य मानते हुए उन्हें जाल में फँसाते हैं, जिसके परिणाम समाज के लिए बेहद खतरनाक हैं। अध्ययन का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह सामने आया कि पारिवारिक तनाव, कलह और अस्थिर वातावरण भी बच्चों को नशे की ओर धकेल सकता है। जब बच्चे भावनात्मक दबाव में होते हैं और उन्हें उचित मार्गदर्शन नहीं मिलता, तो वे तनाव कम करने के लिए गलत रास्ते चुन सकते हैं। इससे स्पष्ट है कि बच्चों की मानसिक और शारीरिक सेहत के लिए घर का सुरक्षित, प्रेमपूर्ण और संवादपूर्ण माहौल अत्यंत आवश्यक है। अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों के साथ नियमित रूप से संवाद करें, समस्याओं को सुनें, और उन्हें सही–गलत का बोध कराएं। समस्या की जड़ सामाजिक और प्रशासनिक दोनों स्तरों पर है। एक ओर परिवारों को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी, वहीं शासन–प्रशासन को नशे के काले कारोबार पर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। अवैध आपूर्ति शृंखलाओं को तोड़ना, स्कूलों में नशा–रोधी जागरूकता कार्यक्रम बढ़ाना तथा समुदाय स्तर पर निगरानी मजबूत करना आवश्यक है। अंततः बच्चों को नशे से बचाना केवल एक संस्था या परिवार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। यदि हम मिलकर प्रयास करें, तो निश्चित ही आने वाली पीढ़ी को नशे के खतरे से सुरक्षित रखा जा सकता है।

# जनसम्मान की लड़ाई है कांग्रेस की महारैली: बेहड़

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आगामी 14 दिसंबर को दिल्ली में वोट चोर गद्दी छोड़ नारे के साथ कांग्रेस की आयोजित होने वाली विशाल रैली की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि यह रैली मौजूदा सत्तारूढ़ भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों, लगातार बढ़ते भ्रष्टाचार और प्रशासनिक तानाशाही को देश के सामने उजागर करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। जनता के अधिकारों का हनन, चुनावों में वोटों की असंवैधानिक चोरी, रोजगार के अवसरों में गिरावट, महंगाई की मार और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर बढ़ते हमलों ने आम जनमानस में असंतोष को जन्म दिया है। इन्हीं मुद्दों को राष्ट्रीय पटल तक पहुँचाने के लिए यह रैली एक निर्णायक स्वर बनने जा रही है। उन्होंने कहा क्षेत्र से दर्जनों गाड़ियों में सैकड़ों कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचकर केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ संघर्ष का बिगुल फूंकेंगे। देश भर से लोगों का सैलाब दिल्ली पहुंचेगा और केंद्र की विफल सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प लेगा। रैली की तैयारियों को लेकर बुधवार की सायं विधायक श्री बेहड़ के आवास विकास कार्यालय में हुई बैठक में कार्यकर्ताओं में गहरा जोश देखा गया। सभी ने एक सुर में कहा कि अब समय आ गया है जब देश की सच्चाई को दिल्ली की धरती से बुलंद आवाज में रखा जाए, ताकि जनता को उनके वास्तविक मुद्दों से भटकाने की कोशिशें बेनकाब हों। श्री बेहड़ ने कहा कि यह रैली सिर्फ एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनआवाज और जनसम्मान की लड़ाई है, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी महत्वपूर्ण है। बैठक में मोहनखेड़ा, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, पीसीसी सदस्य परिमल राय, पवन वर्मा राजेंद्र मिश्रा, शुभम दास, रणजीत राणा, सौरभ शर्मा, गौरव खुराना, सौरभ बेहड, जितेश शर्मा, अशफाक खान, परवेज कुरेशी, इंद्रजीत सिंह, अशोक राय, राजू कोली, सुशील मंडल, सुरेंद्र सिंह सहित अनेको कांग्रेसी उपस्थित थे।



# आरटीओ ने ऑटो–ई–रिक्शा चालकों के कसे पेंच

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। संभागीय परिवहन कार्यालय में ऑटो एवं ई–रिक्शा यूनियनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) डॉ. गुरदेव सिंह और संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन एवं सड़क सुरक्षा) अरविंद पांडे ने की। अधिकारियों ने ऑटो और ई–रिक्शा चालकों को निर्देशित करते हुए कहा कि वाहन चलाने के दौरान वाहन के सभी प्रपत्र (फिटनेस, टैक्स, परमिट, इंश्योरेंस, प्रदूषण प्रमाणपत्र) पूर्ण व वैध रखें। ओवरस्पीडिंग, ओवरचार्जिंग और ओवरलोडिंग बिल्कुल न करें। यात्रियों से निर्धारित किराया ही वसूलें और अनुशासित व नम्र व्यवहार करें।चालक लाइसेंस और निर्धारित वर्दी में ही वाहन चलाएं।शराब या नशे की हालत में वाहन न चलाएं। रात्रि में लाइट जलाकर और वाहन के पीछे रिफ्लेक्टिव टेप लगाकर ही संचालन करें। चौराहों पर अनावश्यक खड़ा न हों। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी प्रवर्तन कार्रवाई की जाएगी। यूनियनों ने विभाग को आश्वस्त किया कि सभी चालक यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करेंगे, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। बैठक में यूनियन पदाधिकारी केदार पलाड़िया, उमेश चंद जोशी, मुकेश जायसवाल, गिरीश जोशी, शेर सिंह बिष्ट, पूरन बिनवाल, हरक सिंह रावत और निजाम मिकरानी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।



# भारतीय संस्कृति, संवेदना और राष्ट्र प्रेम का भाव बनाए रखें युवा: राज्यपाल

देहरादून/गोरखपुर (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गोरखपुर में आयोजित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गोरखपुर केवल एक नगर नहीं, बल्कि भारत की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चेतना का महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने महायोगी गुरु गोरखनाथ जी की तपोभूमि और महान संत परंपरा की विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भूमि सदियों से समाज–निर्माण, राष्ट्र धर्म और मानवीय उत्थान की प्रेरणा देती रही है। राज्यपाल ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के वर्ष 1932 से अब तक की गौरवमयी शिक्षा यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि इस परिषद ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में शिक्षा, संस्कृति, चरित्र निर्माण और राष्ट्रवाद को नई दिशा प्रदान की है। आज इसका विस्तार प्राथमिक विद्यालय से विश्वविद्यालय तक व्यापक रूप में दिखाई देता है। उन्होंने महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय द्वारा आधुनिक विज्ञान और भारतीयताओं से प्रेरित शिक्षा के अद्वितीय प्रयासों की भी सराहना की। राज्यपाल ने नई पीढ़ी से आह्वान किया कि वे विकसित भारत–2047 में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं, तकनीक, विज्ञान, एआई, साइबर सुरक्षा, स्पेस और ग्रीन एनर्जी जैसे क्षेत्रों में देश का नेतृत्व करें और साथ ही भारतीय संस्कृति, संवेदना और राष्ट्र प्रेम का भाव बनाए रखें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के वैश्विक उत्थान, वैज्ञानिक उपलब्धियों और संस्कृति के पुनर्स्थापन का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह समय भारत की नई चेतना का युग है, जिसे युवा पीढ़ी आगे लेकर जाएगी।





# औपचारिक भेंटों में स्थानीय उत्पादों को दें प्राथमिकता: धामी

## मुख्यमंत्री को सल्ट विधायक महेश सिंह जीना ने भेंट किए पहाड़ी उत्पाद

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में सल्ट क्षेत्र के विधायक महेश सिंह जीना ने शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान विधायक श्री जीना ने मुख्यमंत्री को उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक पारंपरिक पहाड़ी उत्पाद भेंट किए, जिनमें प्रमुख रूप से स्थानीय पहाड़ी सब्जी, जैविक कृषि उत्पाद एवं पहाड़ में निर्मित प्राकृतिक खाद्य सामग्री शामिल थी।मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने विधायक श्री जीना की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि पहाड़ी उत्पाद न केवल उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करते हैं, बल्कि प्रदेश के ग्रामीण अंचलों में रहने वाले किसानों, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं स्थानीय उत्पादकों की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों के उपयोग और प्रोत्साहन से पहाड़ की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलती है।मुख्यमंत्री ने कहा कि औपचारिक भेंट के रूप में उत्तराखंड के स्थानीय, पारंपरिक एवं जैविक उत्पादों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इससे जहां एक ओर हमारे पारंपरिक उत्पादों को नई पहचान मिलती है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय उत्पादन और विपणन को भी सीधा प्रोत्साहन मिलता है। महिला स्वयं सहायता समूहों, स्थानीय कारीगरों और किसानों को इसका प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ होता है।उन्होंने यह भी अपील की कि सभी जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी, संस्थान एवं विभिन्न सामाजिक- धार्मिक संगठन अपने कार्यक्रमों और औपचारिक मुलाकातों में उत्तराखंड के पारंपरिक उत्पादों–जैसे कि पहाड़ी दालें, मंडुवा–झंगोरा, ऑर्गेनिक मसाले, हर्बल उत्पाद, हस्तशिल्प, हाथकरघा वस्त्र तथा अन्य स्थानीय सामग्री–को सम्मानपूर्वक अपनाएँ। इससे "लोकल टू ग्लोबल" के संकल्प को और मजबूती मिलेगी तथा स्थानीय उत्पादों के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों का मार्ग भी प्रशस्त होगा।



# संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता

काशीपुर। कटोराताल पुलिस चौकी क्षेत्र से एक 17 वर्षीया किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर गायब किशोरी की तलाश शुरू की है। पुलिस को सौंपी तहरीर में चौकी क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि बीते 9 दिसंबर की दोपहर उसकी 17 वर्षीया पोती करीब 12 बजे घर से बाजार के लिए निकली लेकिन वापस घर नहीं लौटी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि तमाम संभावित स्थानों पर तलाश के बाद भी किशोरी का कोई पता नहीं चला। पुलिस तहरीर के आधार पर लापता किशोरी की तलाश में जुटी है।

# डीएम ने किया जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय का वार्षिक निरीक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बुधवार को जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पत्रावलियों को बारीकी से देखा व न्यायालय पेसकार, अहलमद को पत्रावलियों को सुव्यवस्थित तरीके से रखने के निर्देश दिये।निरीक्षण के दौरान मुख्य व्यक्तिक सहायक आनंद विश्वकर्मा, पेसकार संजीव पालिवाल मौजूद थे।

# यूनिसेफ डे : 79वी वर्षगांठ

यूनिसेफ डे हर साल 11 दिसंबर को यूनिसेफ संगठन की स्थापना के रूप में मनाया जाता है। यह बात सन् 1946 के बाद की है, जब द्वितीय विश्व युद्ध के प्रभाव के कारण जुझ रहे बच्चों के हित के लिए इसे बनाया गया। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा बच्चों की सहायता, समृद्धि और स्वस्थ को प्राथमिकता देने और उनकी सुरक्षा के लिए, संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष की स्थापना की गई। जिसका मुख्यालय न्यू यॉर्क सिटी, यू. एस. ए, को नियुक्त किया गया। हालांकि तब इसकी प्राथमिकता विश्व युद्ध के कारण जुझ रहे बच्चों की सुरक्षा व स्वास्थ्य था, लेकिन आज भी ये अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बच्चों के ऊपर केंद्रित है व निरंतर उनके कल्याण के प्रति कार्यरत है। सन् 1953 में इसका नाम बदल कर संयुक्त राष्ट्र बाल कोष कर दिया गया था, हालांकि संगठन आज भी ष्यूनिसेफष को मूल नाम के रूप से मानता है। यूनिसेफ का लक्ष्य है ष्फॉर एवरी चाइल्डष यानी हर बच्चे के लिए। यूनिसेफ सुनिश्चित करता है की विश्व के हर बच्चे को, बिना किसी भी प्रकार के भेदभाव के, स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधित सुविधा मिले, ताकि यही शिक्षित और स्वस्थ पीढी एक उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सके और पूरी क्षमता से विश्व विकास में अपना योगदान दे। यूनिसेफ भारत सहित 190 देशों में कार्यरत है, जहां यह बुनियादी रूप से हर समुदाय, लिंग, भाषा, जाती, समुदाय की परवाह किए बिना, बच्चों की प्रगति का समर्थन करती है। यूनिसेफ को अपनी भूमिका को निभाने और विश्व कल्याण के लिए सन् 1965 में नोबेल पीस प्राइज से सम्मानित भी किया गया था। स्वास्थय, शिक्षा, संरक्षण व विश्व में आपातकालीन स्थितियों में राहत प्रदान करना, इसके चार मुख्य लक्ष्य है। इसके अंतर्गत, विश्व में टी. वी, पोलियो, कुपोषण, जैसी अनेक स्वस्थ संबंधित समस्याओं के लिए टीकाकरण, कुपोषण रोकथाम, जैसे प्रावधानों पर काम करता है। भारत में दिल्ली में यूनिसेफ का कार्यालय नियुक्त है, जिसने भारत में अनेक योजनाओं जैसे पोषण अभियान, स्वच्छ भारत मिशन में बड़े पेमाने पर अपना योगदान दिया है। इसके अतिरिक्त, यूनिसेफ ने एक बड़े पेमाने पर, पोलियो को घटाने, कुपोषण व बाल विवाह पर रोक लगाने में, वैश्विक रूप से दर को घटाया है। इस वर्ष, 79वे वार्षिक स्थापना के दिन को 'यूनिसेफ – डे फॉर चेंज' के रूप में मनाया जाएगा।

**कृतिका तिवारी, पंतनगर**

# पत्रकार प्रेस परिषद खटीमा के नवनियुक्त अध्यक्ष का किया स्वागत

## प्रदेश अध्यक्ष अशोक गुलाटी ने सौंपा नियुक्ति पत्र, अनुशासनहीनता को लेकर कड़ी चेतावनी

खटीमा। पत्रकार प्रेस परिषद की बैठक में खटीमा तहसील इकाई के नवनियुक्त अध्यक्ष विकास शील का पत्रकारों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पत्रकार प्रेस परिषद के प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सचिव अशोक गुलाटी ने औचारिक रूप से विकास शील को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए तीन दिन में कार्यकारिणी गठित करने के निर्देश दिये। इस दौरान अशोक गुलाटी ने संगठन में अनुशासहीनता को लेकर कड़ी चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि अनुशासन हीनता किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। पत्रकार प्रेस परिषद की बैठक मझोला में गन्ना एवं चीनी मिल मंत्री संजय सिंह गंगवार के प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सचिव, उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी अशोक गुलाटी मौजूद रहे। बैठक में पहुंचने पर पत्रकारो ने प्रदेश अध्यक्ष गुलाटी एवं कपिल अग्रवाल का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। बैठक का संचालन वरिष्ठ पत्रकार गोरख नाथ ने किया।



बैठक में अशोक गुलाटी ने खटीमा इकाई के नवनियुक्त अध्यक्ष विकास शील को औपचारिक रूप से नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उन्हें बधाई दी और तीन दिन में कार्यकारिणी गठित करने को कहा। विकास शील का सभी पत्राकारों ने स्वागत किया। इस दौरान अशोक गुलाटी ने कहा कि अनुशासनहीनता के चलते अशोक सरकार को संगठन से हटाकर विकास शील को दायित्व सौंपा गया है। उनकी नियुक्ति से संगठन निश्चित रूप से मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि संगठन में अनुशासनहीनता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी बैठक में पत्रकारों की समस्याओं, उत्पीड़न, हित संरक्षण व चुनौतियों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। अशोक गुलाटी, ने दिसंबर के तीसरे हफ्ते में होने जा रहे दो दिवसीय महा अधिवेशन की जानकारी भी साझा की। उन्होंन कहा कि महाधिवेशन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, यूपी के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, के अलावा कई साधु-संत, पूर्व सैनिक व हजारों पत्रकार भाग लेंगे। साथ ही उन्होनें बताया कि संगठन अपने सदस्यों को नेशनल हाईवे पर फोर-व्हीलर से टोल टैक्स मुक्ति के लिए प्रयासरत है। साथ ही हेल्थ बीमा योजना, कल्याण कोष (कैजुअल्टी में परिवार को तत्काल सहायता) जैसी सुविधायें भी देने के लिए योजना बनाई जा रही है। गुलाटी ने कहा कि उत्तराखण्ड में पत्रकारों की समस्याओं को लेकर शीघ्र ही मुख्यमंत्राी पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की जायेगी। बैठक में कपिल अग्रवाल ने नवनियुक्त अध्यक्ष विकासशील, को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पत्रकार जनता-सरकार के सेतु हैं, समाज के अंतिम व्यक्ति को न्याय दिलाने का कार्य उनका है। उन्होंने संगठन को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। नवनियुक्त अध्यक्ष विकासशील, ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि वे संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा एवं लगन से काम करेंगे। बैठक में अमन कुमार, उत्तम कुमार, अनीशा अहमद, मुस्तकीम मलिक, एमडी तौसीर, बुधसेन कश्यप, सपन राय, नदीम हुसैन, राहुल कुमार, मनजीत, राजीव सक्सेना, रामचंद्र सक्सेना, नितेश अग्रवाल, मोहम्मद अनीस आदि पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

# प्रदेश के हर बूथ पर तैनात होगा बीजेपी का बीएलए, 11,733 बूथों पर तैयारी तेज

देहरादून। उत्तराखंड में भारतीय जनता पार्टी आगामी चुनावों के मद्देनजर बूथ प्रबंधन को मजबूत करने में जुट गई है। भाजपा ने घोषणा की है कि 31 दिसंबर से पहले राज्य के हर पोलिंग बूथ पर उसका बीएलए तैनात होगा। भाजपा ने इसी कड़ी में 70 विधानसभा क्षेत्रों के बीएलए-1 की वर्चुअल बैठक आयोजित की। जिसमें बूथ स्तर की तैयारियों की समीक्षा की। भाजपा का लक्ष्य है कि प्रदेश के सभी 11,733 बूथों पर अपने बीएलए नियुक्त किए जाएं, ताकि बूथ प्रबंधन, वोटर संपर्क और संगठन की जमीनी मजबूती को नई गति मिल सके। चुनाव आयोग ने सभी राजनीतिक दलों को अपने बीएलए तैनात करने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश में अब तक कुल 144 बीएलए-1 नियुक्त किए जा चुके हैं, जिनमें से 70 भाजपा के हैं। पार्टी की इस रणनीति ने प्रदेश की राजनीति में हलचल बढ़ा दी है।




# गदरपुर विकास खंड में मुख्य विकास अधिकारी ने ली समीक्षा बैठक

गदरपुर(उद संवाददाता)।गदरपुर विकासखंड कार्यालय में मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी ने आकांक्षी समीक्षा बैठक के दौरान क्षेत्र में तमाम सरकारी योजनाओं पर सम्बंधित अधिकारियों को जनहीत में समय पर कार्य निपटाने का दिए निर्देश। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख की मौजूदगी में मुख्य विकास अधिकारी ने ब्लाक परिसर पर आधार सेंटर का उदघाटन किया। मंगलवार मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास खण्ड सभागार में आकांक्षी विकास खण्ड कार्यक्रम की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आकांक्षी विकास खण्ड कार्यक्रम के विभिन्न मानकों से सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी शामिल रहे। इस दौरान आकांक्षी विकास खण्ड कार्यक्रम की जानकारी पॉवर पॉइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से आकांक्षी विकास खण्ड फेलो सुश्री लता पाण्डये ने दी। बताया कि माह अक्टूबर 2025 से आतिथि तक, स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि एवं एन0आर0एल0एम0 के पाँच सकेतांकों के 39 केपीआई की प्रगति की समीक्षा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिकारीयों से विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग,बाल विकास विभाग,,शिक्षा विभाग समेत अन्य विभागों में कार्यशैली पर होमवर्क करने के लिए निर्देश दिए गए। तथा समस्त विभागों को आजीविका परक योजनायों प्रदान कर ग्राम को आदर्श ग्राम बनाने में सहयोग करने हेतु आवाहान किया गया। वही विकास खंड परिसर में देवभूमि जनसेवा केन्द्र एवं आधार केन्द्र का भी उदघाटन ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर, एवं साँसद प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर की मौजूदगी में शुभारम्भ किया गया। समीक्षा बैठक में खण्ड विकास अधिकारी अतिया परवेज, जिला पंचायतराज अधिकारी विद्या सिंह सोमनाल, अधिशाषी अभियन्ता जल संस्थान सुनील जोशी, जिला अर्थ एंव संख्या अधिकारी नफील जमील समेत तमाम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



## पेज एक का शेष...

**नर्सिंग अभ्यर्थियों ने** ..की निष्पक्ष जांच की जाए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन केवल नौकरी तक सीमित नहीं है, बल्कि सिस्टम में पारदर्शिता और सम्मान की मांग है। अभ्यर्थियों का कहना है कि पहले जारी 800 पदों की बजाय 2500 पदों पर भर्ती होनी चाहिए, ताकि अधिक से अधिक उम्मीदवारों का चयन हो सके। धरने पर बैठे नर्सिंग अभ्यर्थियों ने कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर स्पष्ट कार्रवाई नहीं करती, उनका आंदोलन जारी रहेगा। स्वास्थ्य मंत्री के आवास के घेराव के दौरान भारी पुलिस बल तैनात किया गया था, लेकिन प्रदर्शनकारियों को बैरिकेड तक पहुँचने से रोका गया। नर्सिंग अभ्यर्थियों का कहना है कि यह आंदोलन उनके अधिकारों की लड़ाई है और न्याय मिलने तक वे अपनी मांगों को लेकर डटे रहेंगे।

**बेकाबू कार पलटने...**स्थानीय मजदूर घायल हो गए। अर्पित सैनी और एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार रहमान अलीपुर और एक अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हैं। स्थानीय लोगों ने चीख-पुकार सुनकर तुरंत राहत कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस और एम्बुलेंस की मदद से घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे की सूचना पर हरिद्वार एसपी सिटी अभय सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि हाईवे पर प्रेम नगर आश्रम के पास पिछले कई दिनों से मरम्मत कार्य चल रहा है, जिसके चलते निर्माण एजेंसी ने चेतावनी बोर्ड, बैरिकेड और अन्य सुरक्षा संदेश लगाए थे। अर्पित सैनी अपने मित्र रहमान को बहादराबाद छोड़ने जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। हादसे के बाद मुख्य मार्ग पर अफरा-तफरी मच गई, लेकिन आसपास के लोगों की तत्परता से राहत कार्य जल्दी शुरू हो सका। पुलिस ने बताया कि सभी घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है और मामले की जांच जारी है।

**आतंक का प्रयाय..**इस कार्रवाई से क्षेत्र में पिछले कई दिनों से बनी दहशत कम हो गई है और लोगों ने राहत की सांस ली है। पौड़ी जनपद में बीते दिनों से कई क्षेत्रों में गुलदार की घटनाएं बढ़ी हैं। चौबट्टाखाल क्षेत्र में बीते बुधवार को एक महिला पर गुलदार ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। वहीं गजल्ड़ गांव में पिछले सप्ताह से गुलदार की लगातार सक्रियता ने ग्रामीणों में भय का माहौल बना दिया था। वन विभाग के डीएफओ पौड़ी अभिमन्यु सिंह ने बताया कि मारा गया गुलदार लगभग पांच वर्ष का है और यह मादा है। घटनास्थल और आसपास लगाए गए ट्रैप कैमरों में कैद गुलदार के फुटेज की तुलना की गई, जिसमें पुष्टि हुई कि मार गिराया गया गुलदार वही है जो क्षेत्र में सक्रिय था। वन विभाग ने गुलदार को रेस्क्यू कर नागदेव रेंज पौड़ी में सुरक्षित पहुंचाया है, जहां उसकी विस्तृत जांच की जाएगी।

**नव विहिता और किशोरी...**में देखा। मौत के कारणों का पता अभी नहीं चल पाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस दोनों ही मामलों में पारिवारिक परिस्थितियों, मोबाइल कॉल डिटेल और विस्तृत बयान दर्ज कर जांच को आगे बढ़ा रही है।

**उजाड़े गये परिवारों...**के प्रति संवेदनशील होकर ठंड से बचाव और रहने व खाने की व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांग 20 दिसंबर तक पूरी नहीं हुई, तो 21 दिसंबर से तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा, जिसमें प्रभावितों के साथ पंचायत प्रतिनिधि और विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के लोग भी शामिल होंगे। वक्ताओं ने यह भी कहा कि इस मांग को लेकर उच्च न्यायालय में भी गुहार लगाई जायेगी।

**चरस के साथ...**करने के बाद मोहम्मद अली को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक गौरव जोशी चौकी मंगल पड़ाव, कांस्टेबल संतोष बिष्ट व भूपेंद्र ज्येष्ठा शामिल थे।

# रिटायर्ड बुजुर्ग को तीन दिन डिजिटल बंधक बना 20 लाख ठगे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुखानी थाना क्षेत्र अंतर्गत रिटायर्ड बुजुर्ग को साइबर अपराधियों ने डिजिटल अरेस्ट कर 20 लाख रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने घटना की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक बड़ी मुखानी निवासी 80 वर्षीय बुजुर्ग धन सिंह बिष्ट रिटायर्ड कर्मचारी है। उन्हें साइबर अपराधियों ने मनी लॉन्ड्रिंग के कारण कानूनी पचड़े में फंसने का डर दिखाकर डिजिटल अरेस्ट कर दिया। इसे बाद उनसे 20 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने मुखानी थाने में तहरीर दी। इसके बाद पुलिस मामले को रुद्रपुर स्थित साइबर क्राइम थाने में प्राथमिकी दर्ज की है। पीड़ित बुजुर्ग धन सिंह बिष्ट ने पुलिस को बताया कि इफको बरेली से सेवानिवृत्त होने के बाद वह पत्नी के साथ मुखानी के नरसिंह बाड़ी में रहते हैं। सात दिसंबर को उनके पास सुनीता नाम की महिला का फोन आया।महिला ने अपने आप को क्राइम ब्रांच दरियागंज की कर्मी बाते हुए कहा कि उनके आधार कार्ड से केनरा बैंक में खाता खुलने की बात कही। महिला का कहना था कि इस खाते से करोड़ो रुपए की मनी लॉन्ड्रिंग हो रही है और वह कानूनी पचड़े में फंस सकते हैं। महिला ने धमकाते हुए जांच पूरी होने तक किसी को कुछ नहीं बताते और घर में ही रहने के लिए कहा। साइबर अपराधियों ने उनको 7 दिसंबर से 9 दिसंबर तक घर में कैद रखा और सीबीआई और क्राइम ब्रांच के नाम पर लगातार वीडियो कॉल आए। डर की ही वजह से सात दिसंबर को रामनगर में आयोजित पारिवारिक विवाह समारोह में भी न जा सके। नौ दिसंबर को उन्होंने कुसुमखेड़ा के स्टेट बैंक की शाखा में जाकर दो एफडी तुड़वाई और 20 लाख रुपये साइबर अपराधियों द्वारा दिए गए खाते में ट्रांसफर किया। इसके बाद नौ दिसंबर को जब वह रामनगर रिश्तेदारी में गए तो परिजनों को उनके शक हुआ और पूछने पर उन्होंने पूरी बात बता दी। इसके बाद पीड़ित ने पूरे मामले में मुखानी थाने में तहरीर दी। मुखानी एसओ सुशील जोशी ने बताया कि तहरीर लेते हुए मामला पंतनगर साइबर थाना को भेजा गया है। आगे की कार्रवाई साइबर थाना द्वारा की जाएगी।




### सूचना सम्बंध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा छोटा पुत्र अजय देवनाथ व उसकी पत्नी श्रीमती सोनिका मेरा कहना नहीं मानते हैं। आये दिन घर में परिजनों से झगड़ा व कलह करते हैं। जिस कारण मैंने अपने पुत्र अजय देवनाथ व पुत्रवधू श्रीमती सोनिका से पारिवारिक सम्बंध विच्छेद करते हुए उन्हें अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में पुत्र अजय देवनाथ व पुत्रवधू श्रीमती सोनिका द्वारा किये गये किसी भी कार्य अथवा लेन देन के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होंगे। हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

प्रहलाद चंद्र पुत्र श्री बलराम
निवासी- वार्ड नं0- 3, ट्रांजिट कैम्प, रूद्रपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड




संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# आईपीएस लोकेश्वर सिंह मारपीट मामले में दोषी करार

## शिकायतकर्ता को नग्न कर पिटवाने के आरोप पर राज्य पुलिस प्राधिकरण ने दिए कार्यवाही के निर्देश

देहरादून। पिथौरागढ़ में शिकायतकर्ता से पुलिस आफिस में मारपीट करने के मामले में बड़ा खुलासा सामने आया है जिसमें अपनी ईमानदार छवि के लिए चर्चित आईपीएस के खिलाफ गंभीर आरोप लगाये गये है। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में पूर्व एसपी लोकेश्वर सिंह पुलिस ऑफिस में युवक के कपड़े उतरवाकर पिटवाने के आरोप में दोषी पाए गए हैं। उत्तराखंड राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण में उनके खिलाफ ऐक्शन के निर्देश दिए हैं। प्राधिकरण ने पीड़ित लक्ष्मी दत्त जोशी की शिकायत की जांच के बाद पाया कि आईपीएस अफसर ने पीड़ित को अपने ऑफिस में बुलाकर कपड़े उतरवाए और मारपीट की। प्राधिकरण ने शासन (गृह विभाग) से एसपी लोकेश्वर सिंह के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की है। प्रकरण 2023 का है। पिथौरागढ़ निवासी लक्ष्मी दत्त जोशी ने 8 फरवरी को तत्कालीन एसपी लोकेश्वर सिंह पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया था। शिकायत में कहा गया था कि एसपी ने उन्हें अपने ऑफिस बुलाकर न सिर्फ धमकाया, बल्कि विरोध करने पर छह पुलिस कर्मियों को बुलाकर उनके कपड़े उतरवाने के बाद उन्हें बुरी तरह पीटा। जिसमें उन्हें गंभीर चोटें आई। शिकायतकर्ता लक्ष्मी दत्त जोशी ने यह भी आरोप लगाया था कि इससे पहले भी एसपी लोकेश्वर सिंह ने उन्हें प्रताड़ित किया था और फर्जी मुकदमे में जेल भेज दिया था। इन आरोपों की जांच राज्य पुलिस प्राधिकरण में लंबे समय से चल रही थी, जिसमें अब एसपी के पक्ष में दिए गए शपथ पत्रों में कई विरोधाभास पाए



गए। पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह ने अपने शपथ पत्र में आरोपों को झूठा और निराधार बताया। उन्होंने कहा कि जोशी आपराधिक किस्म के व्यक्ति हैं। उनके खिलाफ जुआ अधिनियम, मारपीट, और गुंडा अधिनियम सहित कई मुकदमे दर्ज हैं। एसपी ने कहा कि जोशी को केवल वाहनों में आग लगाने की घटनाओं के संबंध में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। पूछताछ के बाद उन्हें परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। सिंह ने मारपीट की घटना से साफ इनकार किया। हालांकि, प्राधिकरण ने एसपी के शपथ पत्रों में गंभीर विरोधाभास पाया। एक शपथ पत्र में कहा गया कि जोशी 6 फरवरी 2023 को पुलिस कार्यालय में उपस्थित नहीं थे। अन्य शपथ पत्रों में पूछताछ के लिए बुलाए जाने की पुष्टि की गई। शिकायतकर्ता ने सात फरवरी 2023 को मेडिकल जांच कराई थी। इसमें डॉक्टर की राय में चोटें हार्ड एंड ब्लंट ऑब्जेक्ट से आना अंकित था। ये चोटें गिरने से भी आ सकती हैं। शिकायतकर्ता ने छह फरवरी 2023 के पुलिस अधीक्षक कार्यालय के वीडियो फुटेज की मांग आरटीआई के तहत की थी। इसे तकनीकी आधार पर उपलब्ध नहीं कराया गया। प्राधिकरण ने अपने निष्कर्ष में पाया कि इस प्रकरण में साक्ष्य से यह स्पष्ट है कि शिकायतकर्ता को छह फरवरी 2023 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय बुलाया गया था, जहां उसके साथ मारपीट और अभद्रता की गई। प्राधिकरण पीठ ने पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह को दोषी मानते हुए उत्तराखंड पुलिस अधिनियम के अनुसार कार्यवाही की सिफारिश की। पीठ में प्राधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति एनएस धानिक, सदस्य अजय जोशी, पुष्पक ज्योति, दयाशंकर पांडे, मोहन चंद्र तिवाड़ी शामिल रहे। बता दें आईपीएस लोकेश्वर का चयन यूएन में हो गया था। जिसके चलते इसी साल अक्टूबर में उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। हिमाचल के रहने वाले लोकेश्वर सिंह ने करीब 11 वर्षों तक उत्तराखंड में सेवाएं दीं हैं। वे बागेश्वर, चम्पावत, पिथौरागढ़ और पौड़ी जिलों में एसपी रहे हैं। यूएन में अगले पांच सालों तक लोकेश्वर अपनी सेवाएं देंगे।






# धूमधाम से मना श्री कृष्ण जन्मोत्सव

किच्छा(उद संवाददाता)। शांतिपुरी नंबर दो (भरतपुर डाम) में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन कृष्णानंद जोशी, हीरा बल्लभ जोशी और महेश चंद्र जोशी द्वारा किया गया है। कथा 13 दिसंबर को ब्याज पूजन, हवन और पूर्ण आहुति तथा भंडारे के साथ संपन्न होगी।कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध कथावाचक पंडित हंसा भाई मिश्रा



ब्रजवासी (व्यास जी) द्वारा किया जा रहा है। आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालु भागवत कथा का श्रवण करने के लिए पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर कृष्ण भगवान का जन्मोत्सव भी बड़े धूमधाम से मनाया गया।कथावाचक पंडित हंसा भाई मिश्रा ने कहा कि देवकी और वासुदेव की तपस्या का फल श्रीमद् भागवत के दसवें स्कंद में वर्णित है। पूर्व जन्म में देवकी और वासुदेव धर्मात्मा और भगवान के परम भक्त थे। उन्होंने नारायण से वरदान माँगा कि वे उनके पुत्र रूप में अवतार लें। इस वरदान के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण देवकी के गर्भ में प्रकट हुए। जन्म मानव शरीर में हुआ लेकिन उनकी दिव्यता और अलौकिकता दृष्टिगोचर रही। इस कार्यक्रम में पूर्व दर्जा राज्य मंत्री डॉ. गणेश उपाध्याय समेत सैकड़ों ग्रामीण और श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने कथा के दिव्य प्रसंगों का आनंद लिया और धार्मिक वातावरण का अनुभव किया।

# शिव मंदिर का सौंदर्यीकरण कार्य शुरू

गूलरभोज। नगर पंचायत गूलरभोज के वार्ड नंबर 2, रेलवे फाटक के पास स्थित शिव मंदिर का सौंदर्यीकरण कार्य का नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश चुघ ने शिलान्यास किया। इस योजना की कुल लागत 8.5 लाख रुपये है। शिलान्यास कार्यक्रम में व्यापार मंडल के अध्यक्ष डॉ. कुलदीप रघुवंशी, हरीश छाबड़ा, इंदर सिंह राठौड़, महेंद्र पानू, राजीव गुप्ता, आकाश चौहान, बलदेव राज चुग, संजीव गुप्ता, पिंटू कुमार, बाबूराम, अमित कुमार गुप्ता, विजय शर्मा, बलराम मंडल, भूपेंद्र आर्य, राजेंद्र सिंह, गोविंद राजभर, जगदीश सिंह, विजय कुमार, इंदिरा गढ़िया, हेमा पानू सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक



उपस्थित रहे। इस अवसर पर सतीश चुघ ने कहा कि शिव मंदिर के सौंदर्यकरण से न केवल धार्मिक स्थल की शान बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक और आकर्षक वातावरण भी तैयार होगा। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत द्वारा मंदिर परिसर में साफ-सफाई, सजावट और विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है।






# देहरादून में बजरंग दल ने काटा हंगामा

देहरादून। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में संरक्षित पशु के अवशेष मिलने पर दून में बुधवार की रात जमकर हंगामा हुआ। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कटान का आरोप लगाकर जमकर प्रदर्शन किया। विरोध और बढ़ा तो कार्यकर्ताओं ने सड़क पर ही धरना शुरू कर दिया। पुलिस ने उन्हें उठाने का प्रयास किया तो कुछ कार्यकर्ताओं ने सड़क पर लेटकर जाम लगा दिया। मौके पर स्थिति बिगड़ती देख दूसरे थानों की फोर्स के साथ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। आनन-फानन मीट की दुकानें बंद करा दी गई। बुधवार की रात परम विहार स्थित एक मैदान में संरक्षित पशु कटान के अवशेष मिलने पर बजरंग दल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पुलिस भी पहुंची और जांच की। अवशेष देख बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद सभी सहारनपुर रोड पर पहुंचे और प्रदर्शन किया। देखते ही देखते हंगामा बढ़ता



चला गया। पुलिस के साथ बहुत से लोग मीट की दुकानों पर पहुंचे और लाइसेंस दिखाने की बात की लेकिन वह लाइसेंस नहीं दिखा पाए तो हंगामा और बढ़ गया। बजरंग दल के कार्यकर्ता आक्रोश में आकर सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। इससे सड़क जाम हो गई। पुलिस ने उन्हें उठाया तो कुछ कार्यकर्ता सड़क पर ही लेट गए। इसके बाद किसी तरह पुलिस ने समझाकर उन्हें उठाया। मौके पर पहुंचे सीओ अंकित कंडारी ने उन्हें समझाने का प्रयास किया। सीओ अंकित कंडारी ने बताया कि मीट की दुकान पर जांच के लिए मौके पर ही चिकित्सकों की टीम बुलाई गई है। जांच में गड़बड़ी मिलने पर दुकान सील की जाएगी। नगर निगम की टीम के साथ अभियान चलाकर मीट की दुकानों की जांच होगी। बुधवार की रात परम विहार में शुरू हुआ हंगामा घंटों चला। मौके पर धीरे-धीरे स्थिति बिगड़ती रही। बजरंग दल में आक्रोश इतना बड़ा की मौके पर अतिरिक्त फोर्स बुलानी पड़ी। देर रात तक मामला शांत नहीं हो सका। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के हंगामे के बीच सीओ सदर अंकित कंडारी ने आश्वासन दिया कि बृहस्पतिवार से नगर निगम की टीम के साथ अभियान चलाया जाएगा। इसमें मीट की दुकानों की जांच की जाएगी। जिसका लाइसेंस नहीं मिला या कमी मिली उसकी दुकान बंद कराई जाएगी।